आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 17 मार्च 2024 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-07 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-348 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 18 मार्च 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

दत्तात्रेय होसबाले फिर बने आरएसएस के सरकार्यवाह

नागपुर,17 मार्च. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने रविवार को सरकार्यवाह पद के लिए

दत्तात्रेय होसबाले को फिर से चुन लिया. आरएसएस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ङ्क पर एक पोस्ट में कहा कि होसबाले 2021 से सरकार्यवाह के रूप में कार्यरत हैं, इसमें कहा गया है कि उन्हें 2024 से 2027 की अवधि के लिए इस पद पर फिर से चुना गया है. ऋस्स की वार्षिक तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को रेशिमबाग के स्मृति भवन परिसर में शुरू हुई थी. यह बैठक 6 साल बाद आरएसएस के मुख्यालय नागपुर में हो रही है. बैठक में आरएसएस से जुड़े विभिन्न संगठनों के 1,500 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं. बता दें कि दत्तात्रेय होसबाले का जन्म एक दिसंबर 1954 को हुआ था. वह 1968 में संघ के संपर्क में आए थे. इसके बाद 1978 में वह एबीवीपी के पूर्वकालिक सदस्य बने और 1990 में उन्होंने प्रचारक की जिम्मेदारी संभाल ली थी. होसबाले ने 2009 में सह सरकार्यवाह का दायित्व संभाला, जबकि 2021 में वह पहली बार सरकार्यवाह बने थे. होसबाले कर्नाटक के शिवमोगा के रहने वाले हैं. दत्तात्रेय होसबाले वर्ष 1975-77 के जेपी आंदोलन में भी सक्रिय थे और लगभग पौने दो वर्ष तक 'मीसा' के अंतर्गत जेल में रहे.

पेट्रोल भरवाते समय पंप का फटी पाइप, मची अफरा-तफरी

रायपुर,17 मार्च. राजधानी के पेट्रोल पंप में हुई बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है. जहां एक वाहन में पेट्रोल डालते वक्त पाइप फट गया, जिससे अपनी मोपेड में पेट्रोल भरवा रहा युवक भीग गया. इसके साथ ही उसकी गाड़ी भी भीग गई. वहीं पेट्रोल पंप का पाइप फटने से पेट्रोल डलवाने आए लोगों में अफरा-तफरी मच गई. हालांकि, इस दौरान किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई. वहीं मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो अपने मोबाइल में बना लिया. जो सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहा है. यह मामला पचपेड़ी नाका स्थित एम/एस पाली फ्यूल्स के पेट्रोल पंप का बताया जा रहा है.

ऑटोमोटिव ईंधन इथेनॉल-100 लांच

नई दिल्ली,17 मार्च. हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री ने आज इंडियनऑयल रिटेल आउटलेट मेसर्स इरविन रोड सर्विस स्टेशन, नई दिल्ली में एक क्रांतिकारी ऑटोमोटिव ईंधन इथेनॉल 100 लॉन्च किया। ग्राहक पांच राज्यों - महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, नई दिल्ली और तमिलनाडु में इंडियनऑयल के चुनिंदा 183 रिटेल आउटलेट्स पर इथेनॉल 100 का लाभ उठा सकते हैं। श्री पंकज जैन, सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय; श्री श्रीकांत माधव वैद्य, अध्यक्ष, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, इंडियनऑयल के कार्यात्मक निदेशकों ने भी लॉन्च समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर श्री हरदीप सिंह पुरी जी ने कहा कि इथेनॉल 100 का शुभारंभ भारत के माननीय प्रधानमंत्री के अन्नदाता को ऊर्जादाता में बदलने के दृष्टिकोण से प्रेरित था। यह आयात निर्भरता कम करने, विदेशी मुद्रा संरक्षण और कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर, श्री जैन ने कहा, यह पहल टिकाऊ प्रौद्योगिकियों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण बदलाव को रेखांकित करती है, जिससे इथेनॉल आधारित वाहनों में निवेश करने के लिए निर्माताओं में विश्वास पैदा होता उच्च मात्रा वाले वाहनों का वैकल्पिक ईंधन में परिवर्तन हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिफल है।

छग के पाली में वृंदावन की तर्ज पर मनाई जाएगी ब्रजहोली

बिलासपुर,17 मार्च.छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग के एक छोटे से गाँव मे वृंदावन की तर्ज पर फूलों की होली मनाई जाएगी. जहाँ गुलाल और रंगों में केमिकल की मिलावट नहीं होगी.

बिलासपुर जिले के तखतपुर ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पाली में महापर्व होली के अवसर पर रंगोली कार्यक्रम,ब्रज होली एवं सासरंग का कार्यक्रम होगा. नाटक एवं वृंदावन की तर्ज पर विशेष झांकी पालेश्वरनाथ मंदिर पाली में मनाई जाएगी. 24 मार्च को होलिका दहन के शाम को यह सभी आयोजन सम्पूर्ण किया जाएगा।

पाली आश्रम पालेश्वरनाथ के गुरु महाराज श्री ओंकार गिरी ने बताया कि होलिका दहन के समय भंडारा की खास तैयारी की गई है. उन्होंने आगे बताया कि 28 मार्च 2024 से 5 अप्रैल कि 2024 तक वृंदावन से पधारे पंडित श्री नितेश कृष्णो द्विवेदी शिवमहापुराण की कथा का वाचन करेंगे.इसके साथ ही साथ वृंदावन से आये कथा वाचक पंडित श्री नितेश कृष्णो द्विवेदी जी होलिका दहन कार्यक्रम और ब्रज होली में शामिल रहेंगे। भक्तों के लिए पाली धाम पालेश्वरनाथ मंदिर में भंडारा का ही शिवमहापुराण कथा प्रारंभ दिन से ही सुबह और शाम आयोजन किया गया है ।

आस्था की 84 कोसीय परिक्रमा -सीतापुर -84

कोसीय परिक्रमा के छठे पड़ाव देवगवा मे गुड़ कटोरा दान कर परिक्रमार्थी आज सुबह ही अपने सातवे पड़ाव के लिए निकल पड़े ,रास्ते मे पड़ने वाले गाँवो के लोगो ने अपने दरवाजो पर इन श्रद्धालुवो के स्वागत के लिए तरह तरह के इंतजाम किये थे ,इन स्वागतो को स्वीकार करते हुए परिक्रमार्थी बर्मी की तरफ आगे बढ़ते है बर्मी पहुंचने से पूर्व परिक्रमार्थियों ने वाल्मीकि कूप और मंदिर के दर्शन किये ,माना जाता है महर्षि वाल्मीकि ने यहां पर पड़ाव किया था ,यहा से कुछ आगे बढ़ने एक बर्मी गांव का शानदार अमृत सरोवर और गौशाला बड़ी नयानाभिराम है और श्रद्धालु इसको देखना नही भूलते ,बर्मी होकर सीतापुर हरदोई मार्ग को पार कर रेलवे क्रॉसिंग से होते हुए परिक्रमा चंद्रावल इलाके मे प्रवेश करती है ,ये जगह भी आज के पड़ाव स्थल का एक हिस्सा ही है ,यहा चंद्रबदनी देवी ,बाबा छेदादास ,सुखतला धाम के साथ रामजानकी और संकट मोचन के दर्शन कर यहा चंद्र चंदरनी और चंद्रावल देवी मंदिर के भी दर्शन करते है ,यहा से ही परिक्रमा का ठहराव आरम्भ हो जाता है और जिला पंचायत ने इस बार दिव्य व्यवस्था कर इस पड़ाव को और महत्वपूर्ण बना दिया है ,,यहा पर राम ताला तीर्थ है जहा श्रद्धालु पहुंचकर आचमन करते है और कल प्रातः यही स्नान कर आगे की यात्रा आरम्भ करेंगे , इस स्थल का परिक्रमा मे बड़ा महत्व है जिसे मांडव ऋषि की तपोस्थली माना जाता है ,मांडव ऋषि की प्रतिमा और मांडव कूप यहा के सबसे प्रमुख स्थल है ,

'हिंदुस्तान पहला देश है, जिसने आज़ादी की लड़ाई भी मोहब्बत के साथ लड़ी: राहुल गांधी

मुंबई,17 मार्च. कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत न्याय जोड़ो यात्रा मुंबई में समाप्त हो गयी। इसके बाद आज यानि रविवार सुबह उन्होंने दक्षिण मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से 'न्याय संकल्प पदयात्रा' निकाली। इस पैदल मार्च में बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थक लोग शामिल हुए। इनके अलावा प्रियंका गांधी वाद्रा, अभिनेत्री स्वरा भास्कर और महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने भी कांग्रेस समर्थकों के साथ राहुल के पैदल मार्च में हिस्सा लिया। बता दें, 'न्याय संकल्प पदयात्रा' शुरू करने से पहले राहुल गांधी ने गांधी संग्रहालय 'मणि भवन' में जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

'न्याय संकल्प पदयात्रा' अगस्त क्रांति मैदान तक निकाली गयी, जहाँ राहुल गांधी ने कांग्रेस समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, 'हिंदुस्तान पहला देश है, जिसने आज़ादी की लड़ाई भी मोहब्बत के साथ लड़ी। मैं दक्षिण अफ्रीका गया तो नेल्सन मंडेला जी ने कहा कि- हमें आज़ादी की राह गांधी जी और हिंदुस्तान ने दिखाई है।' उन्होंने आगे सवाल पूछा, 'अगर भारत 'मोहब्बत' का देश है तो नफ़रत क्यों फैलाई जा रही है? हम कहते हैं कि भाजपा नफ़रत फैलाती है लेकिन इस नफ़रत का एक आधार तो ज़रूर होगा। इस नफ़रत का आधार है अन्याय है। इस देश में हर दिन गरीबों, किसानों, दलितों, महिलाओं और युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। देश में चंद अरबपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफ हो जाता है, लेकिन किसानों का एक रुपया माफ नहीं होता।' राहुल गांधी ने कहा, 'जब हमारी सरकार ने किसान कर्ज माफी की बात की तो भाजपा ने कहा- किसान आलसी हो जाएगा। मनरेगा लाए तो कहा कि मजदूरों की आदत बिगड़ जाएगी। लेकिन जब वे चंद उद्योगपतियों का लाखों-करोड़ों का कर्ज माफकरते हैं तो क्या उनकी आदत नहीं बिगड़ती? आज एक तरफकुछ लोगों के पास देश का पूरा धन है। वहीं दूसरी ओर युवा, किसान, मजदूर के साथ अन्याय हो रहा है।'

अश्विन ने दिया अजीब बयान-कल मैं भले ही जीवित ना रहूं, लेकिन मेरी आत्मा इसी जगह घूमेगी

नई दिल्ली,17 मार्च. रविचंद्रन अश्विन आईपीएल में लंबे समय तक चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले हैं, जबकि चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम से उनका प्यार अलग लेवल का है। वे तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन यानी टीएनसीए के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और इस राज्य की ज्यादातर क्रिकेट इसी मैदान पर होती है। यहां तक कि तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की टी20 लीग भी इसी स्टेडियम में खेली जाती है और अश्विन जब भी नेशनल ड्यूटी से फ्री होते हैं तो वे अपने राज्य के लिए हर तरह की क्रिकेट खेलते नजर आते हैं। इसी संघ ने अश्विन को 500 टेस्ट विकेट और 100 टेस्ट पूरे करने पर सम्मानित किया तो उन्होंने कहा कि मेरे मरने के बाद मेरी आत्मा यहां घूमेगी। राष्ट्रीय ड्यूटी पर नहीं होने पर भी घरेलू आयोजनों के लिए खुद को उपलब्ध रखते हैं।

स्टेडियम के पास युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

धमतरी,17 मार्च. जिले के पोटियाडीह में आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब इलाके में युवक का शव मिलने की सूचना लोगो को मिली. यह खबर आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते उक्त स्थान पर लोगो का जमावड़ा लग गया. जिसके बाद ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची अर्जुनी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लिया. युवक की शिनाखत खिलेश्वर साहू पिता स्व. राम धर साहू के रूप में हुई है जो की खरतुली का रहने वाला बताया जा रहा है. जानकरी के मुताबिक, मृतक खिलेश्वर ड्राइवरी का काम करता था. बीती रात करीब 8 बजे वह अपने घर से कही जाने के लिए निकला लेकिन वापस लौटकर घर नहीं आया. जिसके बाद आज उसकी लाश पोटियाडीह स्टेडियम के पास मिली. खिलेश्वर के शव के पास उसकी बाइक भी मिली है. मामले में अर्जुनी पुलिस प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जाता रही है. हालांकि युवक के मौत का कारण स्पष्ट नही हो पाया है, अर्जुनी पुलिस की माने तो मौत की क्या वजह है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात स्पष्ट हो पाएगा. वहीं पुलिस ने परिजनों को युवक के मृत होने की सूचना दी, जिससे परिजनों में कोहराम मच गया.

जुमे के दिन वोटिंग न कराएं

लोकसभा चुनाव की तारीख पर आयोग से मुस्लिमों की अपील

नई दिल्ली,17 मार्च. मुस्लिम संगठनों ने चुनाव आयोग से तारीख बदलने की मांग की है. इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और केरल के एक मुस्लिम संगठन ने मुस्लिम समुदाय के लिए जुमे की महत्व का हवाला देते हुए 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव को स्थगित करने की अपील की है। आईयूएमएल के प्रदेश महासचिव पीएमए सलाम ने कहा कि केरल में शुक्रवार यानी 26 अप्रैल को चुनाव कराने से मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और मतदान एजेंटों को असुविधा होगी। उन्होंने कहा, ÷शुक्रवार को जुमा है. इस दिन मुसलमान मस्जिदों में इकट्ठा होते हैं। इस दिन केरल और तमिलनाडु में मतदान करना मुश्किल होगा। हमने इसे चुनाव आयोग के ध्यान में लाया है।÷ आईयूएमएल के अलावा, केरल के एक प्रमुख मुस्लिम संगठन समस्त केरल जमीयथुल उलमा ने चिंता व्यक्त की कि शुक्रवार के चुनाव मतदाताओं और ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों के लिए चुनौतियां पैदा करेंगे और मतदान प्रतिशत को प्रभावित कर सकते हैं। संगठन के अध्यक्ष सैयद मुहम्मद जिफरी मुथुक्कोया और महासचिव के अलीकुट्टी मुसलियार ने केंद्रीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को स्थगित करने का अनुरोध किया है।

केजरीवाल को ईडी का नया समन

नई दिल्ली,17 मार्च. दिल्ली के कथित शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 9वां समन भेज दिया है। ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले केजरीवाल ईडी के 8 समनों की अनदेखी कर चुके हैं। इसके खिलाफ ईडी ने कोर्ट में दो याचिकाएं भी दायर की थी। इस पर शनिवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने केजरीवाल को 15 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी थी। इस जमानत से केजरीवाल को केवल कोर्ट से नियमित पेशी से राहत मिली है लेकिन केस अभी भी जारी है। मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होनी है। केजरीवाल के लिए कोर्ट में दलील दी गई थी उनके खिलाफ जो भी आरोप लगे हैं वो जमानती है। एक पार्टी का प्रमुख और संवैधानिक पद पर बैठे होने के कारण उनके पास कई जिम्मेदारियां भी है। लेकिन भी फिर कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए वो कोर्ट में पेश हुए। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। इससे पहले ईडी केजरीवाल को 8 समन भेज चुकी है।

हालांकि वह इन्हें अवैध बताकर दरकिनार कर चुके हैं। मामला कोर्ट में जाने के बाद भी ईडी ने केजरीवाल को समन भेजे थे। इस पर उनकी ओर से कहा गया था कि ईडी को इन समनों को भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करना चाहिए। अरविंद केजरीवाल को केंद्रीय एजेंसी ने पहला समन 2 नवंबर को भेजा था। इसके बाद 21 नंबर को दूसरा समन भेजा। फिर 3 जनवरी, 18 जनवरी, 3 फरवरी, 19 फरवरी और 4 मार्च को भी समन भेजा। 8वां समन दरकिनार करने के बाद केजरीवाल ने कहा था कि वह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ईडी के सवालों का सामना करने के लिए तैयार है। कथित शराब घोटाला मामले में हाल ही में ईडी ने बीआरएस नेता के कविता को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के पूर्डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और आप नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद ये तीसरी बड़ी कार्रवाई थी। ईडी ने के कविता के हैदराबाद स्थिति आवास पर छापेमारी के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था और शनिवार को कोर्ट में पेश किया जिसके बाद उन्हें एक हफ्ते की हिरासत में भेज दिया गया था।

संदेशखाली केस में सीबीआई का बड़ा ऐक्शन

शाहजहां शेख का छोटा भाई आलमगीर भी गिरफ्तार

कोलकाता,17 मार्च. ईडी की टीम पर हमले के मामले में सीबीआई ने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के छोटे भाई को भी गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने शेख के छोटे भाई आलमगीर के साथ अन्य दो लोगों को भी अरेस्ट कर लिया। बता दें कि महीने की शुरुआत में ही राज्य की पुलिस ने शाहजहां शेख को सीबीआई के हवाले कर दिया था। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया था। बता दें कि शाहजहां शेख और उसके सहयोगियों पर कई गंभीर आरोप हैं। संदेशखाली की महिलाओं ने शाहजहां शेख और उसके गुर्गों पर यौन शोषण और जबरन जमीनों पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। सीबीआई के एक अधिकारी ने बताया, 5 जनवरी को हुई हिंसा के मामले में आलमगीर और उसके दो साथियों को सीबीआई ने समन किया था। शनिवार की शाम उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि महिलाओं के प्रदर्शन के बाद संदेशखाली का मामला राजनीतिक गलियारों में भी खूब उछला था। वहीं पश्चिम बंगाल में यह एक चुनावी मुद्दा बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक आलमगीर से सीबीआई कार्यालय में 9 घंटे पूछताछ की गई। उसके साथ मफिजुल मोल्ला और सिराजुल मोल्ला भी सीबीआई कार्यालय पहुंचे थे। इन तीनों को साथ में ही गिरफ्तार कर लिया गया।

महादेव सट्टा एप : भूपेश बघेल पर एफआईआर दर्ज

रायपुर,17मार्च. छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महादेव ऑनलाइन बुक ऐप घोटाले में बड़ा झटका लगा है। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा उन्हें आरोपी के रूप में नामित कर मामला दर्ज किया गया है। इस ऐप का अनुमानित कीमत 6,000 करोड़ है, वहीं लोकसभा चुनाव से पहले ये मामला कांग्रेस नेता के लिए कई समस्याएं पैदा कर सकता है।

पूर्व सीएम बघेल पर पुलिस के एफआईआर में आईपीसी के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी से संबंधित विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 11 के तहत आरोप लगाया गया हैं। वहीं इस एफआईआर में भूपेश बघेल के अलावा महादेव ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 16 अन्य लोगों का नाम शामिल है। बता दें कि, इसी साल 8 और 30 जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय के द्वारा राज्य पुलिस को दो रिपोर्ट भेजे जाने के बाद बघेल के विरुद्ध मामला

दर्ज किया गया। दरअसल, ईडी के रिपोर्ट में कहा गया है कि धन संरक्षण के बदले महादेव ऐप की अवैध गतिविधियों को अनुमति देने के लिए राज्य सरकार के शीर्ष स्तर के पदाधिकारियों की संलिप्तता का खुलासा करता है।गौरतलब है कि, पिछले साल नवंबर में वित्तीय अपराध जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि चंद्राकर और उप्पल ने बघेल को 508 करोड़ की रिश्वत दी थी।वर्तमान में दोनों संयुक्त अरब अमीरात की देखरेख में हिरासत में हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के माध्यम से उनके प्रत्यर्पण के लिए अनुरोध पहले ही संयुक्त अरब अमीरात भेजा जा चुका है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने इस मामले एफआईआर दर्ज कर लिया है। जिसमें कहा गया है कि महादेव बुक ऐप के प्रमोटरों के द्वारा विभिन्न पुलिस अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों को भारी मात्रा में रिश्वत दिया था। ताकि उनकी अवैध गतिविधियों पर पुलिस कोई कार्रवाई न करें। ऐप के प्रमोटरों ने आला अधिकारियों को यह पैसा हवाला ऑपरेटरों के जरिए भेजवाता था।पुलिस के एफआईआर में आगे कहा गया है कि अवैध संपत्ति उगाही के लिए आला अधिकारियों के द्वारा आधिकारिक पद का दुरुपयोग किया गया। वहीं इस एफआईआर की सबसे खास बात यह है कि किसी भी वरिष्ठ पुलिस या प्रशासनिक अधिकारी का नाम एफआईआर में नहीं है। खबरों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ पुलिस के एफआईआर के आधार पर प्रवर्तन निर्देशालय एक नया मनी लॉन्ड्रिंग मामला भूपेश बघेल के नाम पर दर्ज कर सकता है।

मुठभेड़ में मारा गया नक्सली कमांडर मनकेर

सिर पर आठ लाख रुपए का था इनाम

कांकेर,17 मार्च. कोइलीबेड़ा में शनिवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की पहचान कर ली गई है. कांकेर पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला ने मारे गए नक्सली की पहचान नक्सल कमांडर मनकेर के रूप में की है, जिसके सिर पर सरकार ने आठ लाख रुपए का ईनाम रखा था.

कांकेर पुलिस अधीक्षक आईके एलेसेला ने बताया कि शनिवार को कोइलीबेड़ा और नारायणपुर जिले की सीमा से लगे ककनार, गोमे, गत्ताकाल के जंगलों में नक्सली लीडर राजू सलाम की मौजूदगी की सूचना पर बीएसएफ और डीआरजी की टीम सर्चिंग पर निकली थी. काकनार के जंगल में कमांडर की नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक वर्दीधारी नक्सली मारा गया था, जिसकी शिनाख्त नक्सल कमांडर मानकेर के रूप में हुई है. पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कोइलीबेड़ा नक्सलियों की बटालियन नंबर पांच काफी एक्टिव है. कल की मुठभेड़ भी नक्सलियों की बटालियन नंबर 5 से हुई है.

यह दूसरी मुठभेड़ है, जिसमे सफलता मिली है. मारे गए नक्सली कमांडर मनकेर पर 8 लाख रुपए का ईनाम रखा गया था. मुठभेड़ स्थल से वर्दीधारी नक्सली के शव के साथ बिजीएल देशी लॉन्चर, 9 नग बिजीएल सेल, 12 बोर राउंड 11 नग, 303 राउंड 1 नग, वॉकी-टॉकी, नक्सलियों की वर्दी सहित सहित अन्य दैनिक नक्सल सामग्री बरामद किया है.

कर्नाटक में मंत्रियों के चुनाव लड़ने की अनिच्छा के कारण कांग्रेस के सामने मुश्किल

बेंगलुरु,17 मार्च. कर्नाटक में कुछ मंत्रियों और विधायकों के लोकसभा चुनाव लड़ने में अनिच्छा जताने के बाद कांग्रेस के लिए ''जीतने योग्य'' उम्मीदवारों की तलाश करना मुश्किल दिखायी दे रहा है। कांग्रेस को सात सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा किए 10 दिन बीत गए हैं लेकिन बाकी की 21 सीटों पर प्रत्याशियों की सूची को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। कांग्रेस ने आठ मार्च को जारी अपनी पहली सूची में किसी भी मंत्री तथा विधायक को उम्मीदवार नहीं बनाया था। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस नेतृत्व कुछ मंत्रियों और विधायकों को चुनाव लड़ने के लिए मनाने की कोशिश कर रहा है क्योंकि उन्हें कई निर्वाचन क्षेत्रों में जीतने योग्य उम्मीदवारों को चुनने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने हाल में कहा था कि पार्टी में सात से आठ मंत्रियों को प्रत्याशी बनाने पर चर्चा की जा रही है। कुछ मंत्री खुद चुनाव लड़ने के बजाय अपने परिवार के सदस्यों को चुनाव लड़ाने पर जोर दे रहे हैं और सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व उनके परिजनों को प्रत्याशी बनाने से जनता के बीच जाने वाले संदेश को लेकर चिंतित दिखायी दे रहा है। पार्टी के सूत्रों ने बताया कि मंत्रियों या उनके परिवार के सदस्यों को प्रत्याशी बनाने के मुद्दे पर फैसला अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वरिष्ठ नेता व सांसद राहुल गांधी समेत पार्टी नेतृत्व को लेना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने शनिवार को कहा कि उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा, ''राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को संपन्न हुई, रविवार को 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की जनसभा है और 19 मार्च को उम्मीदवारों पर निर्णय लेने के लिए हमारी बैठक है। 19 मार्च की रात या 20 मार्च की सुबह तक हमारे सभी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी जाएगी।'' सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस कैबिनेट मंत्रियों एच सी महादेवप्पा को चामराजनगर, के एच मुनियप्पा को कोलार, बी. नागेंद्र को बेल्लारी, सतीश जारकीहोली को बेलगाम,

ईश्वर खांद्रे को बिदर और कृष्णा बायरे गौड़ा को बेंगलुरु उत्तर से उम्मीदवार बनाना चाहती है। इनमें से लगभग सभी मंत्रियों ने चुनाव लड़ने में अनिच्छा जताई है और कुछ ने अपने परिवार के सदस्यों के नामों का सुझाव देते हुए आश्वासन दिया है कि वे उनकी जीत सुनिश्चित करेंगे। कांग्रेस ने शुरुआत में मंत्रियों को संभावित उम्मीदवारों का चयन करने का जिम्मा सौंपा था लेकिन शिवकुमार ने कहा था कि उनसे प्राप्त हुई रिपोर्ट संतोषजनक नहीं है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि पार्टी को 2019 के लोकसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था जबकि वह राज्य में जनता दल (सेक्यूलर) के साथ गठबंधन में सत्ता में थी। इसे देखते हुए कई वरिष्ठ नेता लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं क्योंकि राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी की संभावनाएं अब भी आशाजनक नहीं दिख रही हैं। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में एम मल्लिकार्जुन खरगे, वीरप्पा मोइली और मुनियप्पा समेत कई शीर्ष नेताओं को हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन शिवकुमार के लिए एक और महत्वपूर्ण परीक्षा है जिन्होंने विधानसभा के कार्यकाल के बीच में सत्ता हस्तांतरण की अटकलों के बीच मुख्यमंत्री बनने की अपनी महत्वाकांक्षा जगजाहिर कर रखी है। भाजपा ने 20 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। उसने अभी तक आठ सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है जिनमें से तीन सीट उसके गठबंधन के साझेदार जद(एस) के पाले में जा सकती हैं। कर्नाटक में कुल 28 लोकसभा सीटें हैं। भाजपा ने 2019 के चुनाव में 25 सीटें जीती थीं जबकि पार्टी द्वारा समर्थित एक निर्दलीय उम्मीदवार को जीत मिली थी। कांग्रेस और जद(एस) ने एक-एक सीट हासिल की थी।

जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन वापस लेने के निर्देश

रायपुर,17 मार्च. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन वापस लेने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। अतः निर्वाचन की घोषणा की दिनांक से निर्वाचन कि परिणाम घोषित होने के दिनांक तक केन्द्र राज्य शासन के उपक्रम, संयुक्त क्षेत्र के उपक्रमों स्वायत्तशासी संस्थाओं, जिला पंचायतों, जनपद पंचायतो, ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों, विपणन बोर्ड, विपणन संस्थाओं, कृषि उपज लोकसभा सदस्य या राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों अथवा अभ्यर्थियों या निर्वाचन से संबंधित किसी व्यक्ति को नहीं दिए जाने के आदेश है। अतएव उल्लेखित जनप्रतिनिधियों को आबंटित वाहन वापस ले कर सूचना प्रदान करें।

एक नजर

मुनाफे का झांसा देकर 5 लाख की ठगी

भिलाई, 17 मार्च। भिलाई शेयर मार्केट में रुपये निवेश करवाकर साप्ताहिक दो से तीन लाख रुपये का लाभ दिलवाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से पांच लाख 20 हजार रुपये की ठगी करने वाले आरोपित के खिलाफ भिलाई नगर पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की है आरोपित ने फोरेक्स एक्सचेंज में ट्रेडिंग करने का झांसा दिया था रुपये लेने के बाद आरोपित उसे हड़प लिया और पीड़ित को घुमाना शुरू कर दिया इसके बाद पीड़ित ने भिलाई नगर थाना में शिकायत की पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि मैत्री नगर रिसाली निवासी शिकायतकर्ता अरुनाभ भट्टाचार्य की शिकायत पर रायगढ़ निवासी आरोपित कंवलजीत चंद्रा के खिलाफ प्राथमिकी की गई है नवंबर 2021 को पीड़ित की सेक्टर-नौ अस्पताल के सामने स्थित पान ठेले पर आरोपित से मुलाकात और पहचान हुई थी आरोपित ने उसे बताया कि वह फोरेक्स एक्सचेंज में ट्रेडिंग कर अच्छा लाभ कमाता है आरोपित की बातों से प्रभावित होकर पीड़ित ने भी शेयर ट्रेडिंग में रुचि दिखाई तो आरोपित ने कहा कि यदि वह इस काम में रुपये लगाता है तो वह उसे सप्ताह का दो से तीन लाख रुपये तक का मुनाफा देगा आरोपित ने ये भी कहा कि यदि वह रुपयों का इकरारनामा बनवाएगा तो मुनाफे का 50 प्रतिशत हिस्सा लेगा और इकरारनामा नहीं करवाता है तो 30 प्रतिशत हिस्सा लेगा आरोपित की बातों में आकर पीड़ित ने उसे पांच लाख रुपये आनलाइन ट्रांसफर किए और 20 हजार रुपये यूपीआइ से उसके खर्चे के लिए दिया रुपये देने के बाद आरोपित ने पीड़ित को कोई लाभांश नहीं दिया तो उसने आरोपित से संपर्क किया आरोपित ने उसे रुपये देने के नाम पर घुमाना शुरू कर दिया ।

महिला से 10 लाख की धोखाधड़ी

भिलाई, 17 मार्च। भिलाई प्रतिष्ठत ज्वेलर्स से एक महिला ने 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। इस मामले में न्यायालय के आदेश पर भिलाईनगर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। भिलाईनगर पुलिस ने बताया कि भरत जैन ने न्यायालय में परिवार दायर किया था प्रार्थी की सिविक सेंटर में सहेली ज्वेलर्स के नाम से सोने-चांदी के गहनों की दुकान है। वर्ष 2020 में उसकी दुकान पर आरोपी लक्ष्मी वेंकट राव पहुंची। उस दौरान महिला ने अपना नाम पूजा राव निवासी सड़क 15 सेक्टर 1 बताया उसने पहले 1.96 लाख रुपए से ज्यादा के गहने खरीदे उसके एवज में 48280 रुपए भुगतान किए। कुछ दिन बाद शेष 1 लाख 48 हजार 680 रुपए रकम का भी भुगतान कर दिया। इस प्रकर 21 मार्च 2020 से 1 मार्च 2021 के बीच अलग- अलग तिथियों में 18 बार में 30 लाख से ज्यादा के गहने खरीदे हालांकि इस इस दौरान उसने विश्वास में लेकर करीब 20 लाख रुपए की रकम लौटाई लेकिन बाद में 10 लाख 37 हजार 540 रुपए नहीं दिए ।

पाटन एसडीएम बंछोर होंगे

भिलाई। भिलाई अब पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर होंगे। वहीं देवांश सिंह राठौर का तबादला बालोद कर दिया गया है पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश में हेमप्रकाश नायक उप पुलिस अधीक्षक आपरेशन डीआरजी जिला राजनांदगांव को उप पुलिस अधीक्षक क्राइम जिला दुर्ग के पद पर पदस्थ किया गया है। वहीं लिस्ट में कुछ पोस्टिंग संशोधन भी किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर को उप पुलिस अधीक्षक बनाकर बीजापुर भेजा गया था। इसमें संशोधन कर उनकी पोस्टिंग पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन के रुप में की गई है। इसी तरह से टीआई अंबर सिंह भारव्दाज का जिला दुर्ग से जिला बीजापुर स्थानांतरित किया था। इसमें संशोधन कर उनकी पोस्टिंग जिला दुर्ग में की है।

वहीं दुर्ग जिले में भानुप्रताप साव जिला बालोद जिला कोरबा स्थानांतरित किया था। संशोधन कर उनका तबादला जिला दुर्ग किया है। इसी तरह से मोतीलाल शुक्ला जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी-भरतपुर से जिला दुर्ग आ रहें हैं।

आम चुनाव : भिलाई-चरोदा निगम कमिश्नर ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

भिलाई, 17 मार्च । आम चुनाव निर्वाचन की घोषणा से पूर्व भिलाई-चरोदा निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत द्वारा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं। शनिवार दिनांक 16/03/2024 को भिलाई चरोदा निगम कार्यालय में अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी इस बैठक में निगम के सभी वरिष्ठ अभियंता एवं अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। यहाँ बता दे कि आम चुनाव 2024 की तिथियों का ऐलान होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए इस बैठक का निर्णय एक दिन पूर्व ही निगम कमिश्नर श्री राजपूत द्वारा लिया गया था साथ ही समस्त अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने निर्देशित किया गया था। गौरतलब है कि लोकसभा चुनावों की तिथियों का निर्धारण दिनांक 16/03/2024 को संभव है जिसके पश्चात संपत्ति विरूपण की कार्यवाही निगम अमले द्वारा की जायेगी। इस संबंध में सभी सहायक अभियंता, उपअभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों को निगम कमिश्नर डी. एस. राजपूत द्वारा बैठक में की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये गये। निगम के कार्यपालन अभियंता सुनिल जैन, सहायक अभियंता देवेन्द्र पाण्डेय, सहायक अभियंता प्रशांत शुक्ला, सहायक अभियंता हेमंत साहू, स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर के अलावा उपअभियंता मुकेश चंद्राकर, उपअभियंता विक्टर वर्मा, उप अभियंता मुकेश रात्रे, उपअभियंता किसलय साहू, उपअभियंता वैभव त्यागी बैठक में उपस्थित रहे।

भिलाई-चरोदा निगम ने प्रारंभ की सम्पत्ति विरूपण पर कार्रवाई

भिलाई, 17 मार्च । नगर पालिक निगम भिलाई चरोदा कमिश्नर डी. एस. राजपूत के निर्देशानुसार निगम क्षेत्र में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। शनिवार को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आम चुनाव 2024 की तिथियों का ऐलान किये जाने के तुरंत बाद निगम की टीम ने सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही को अंजाम देना शुरू कर दिया है। यहाँ बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग तथा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तय किये गये मानदंडों के अनुरूप सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही निगम द्वारा की जायेगी। जिसके अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तिथियों के पश्चात् जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण समस्त शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थलों/भवनों में राजनीतिक दलों से संबंधित फोटो, बैनर, पोस्टर, प्लेक्स, वाल पेंटिंग, विज्ञापन तत्काल हटाये जायेंगे।

छावनी चौक का नामकरण गौ माता राष्ट्र माता चौक किये जाने पर धर्मेंद्र यादव ने जताया आभार

भिलाई, 17 मार्च । गौ हत्या के विरोध में और गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने को लेकर ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती %1008% महाराज ने भिलाई से 10 मार्च को सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर 10 मिनट के लिए संकेत स्वरूप धरना दिया था । इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव और महापौर नीरज पाल भी उपस्थित थे। 15 मार्च को निगम सभाकक्ष में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में बहुमत के आधार पर छावनी चौक का नामकरण गौ माता राष्ट्र माता चौक के नाम से पारित किया गया जिससे आम जनों में हर्ष का माहौल है। इसके लिए वरिष्ठ कांग्रेसी धर्मेंद्र यादव ने महापौर और समस्त पार्षदगणो का आभार व्यक्त किया है। चौक के नामकरण के पश्चात धर्मेंद्र यादव ने महापौर से मुलाकात कर गौ माता राष्ट्र माता चौक के सौंदर्यीकरण की मांग की है।

सिंटर प्लांट-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

भिलाई, 17 मार्च । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का आयोजन 16 से 21 मार्च तक किया जा रहा है 7 16 मार्च को सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्य महाप्रबंधक प्रवीन राय भल्ला के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य महाप्रबंधक अनुप कुमार दत्त द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया । सुरक्षा प्रदर्शनी में सिंटर प्लांट-3 में उपयोग किये जाने वाले समस्त तकनीकी स्टैंडर्ड का विधिवत उपयोग करना दर्शाया गयाद्ध उक्त कार्यक्रम में सिंटर प्लांट-3, सिंटर प्लांट-2 के समस्त उच्चाधिकारीगण, नियमित कर्मचारी गण सहित अधिकाधिक संख्या में ठेका श्रमिक उपस्थित थे।

नेहरू हाउस ऑफ कल्चर में आयोजित बहुभाषीय नाट्य प्रतियोगिता का समापन

भिलाई, 17 मार्च । सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग ने 12 से 15 मार्च तक सेक्टर-1 स्थित नेहरू हाउस ऑफ कल्चर में चार दिवसीय प्रतिष्ठित बहुभाषी नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया था। इस बहुभाषीय नाट्य प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि अध्यक्ष ओए और सेफी के चेयरमैन एन के बंछोर थे। इस अवसर पर सचिव ओए परविंदर सिंह, सहायक महाप्रबंधक ओ प्रेम सागर, उप-प्रबंधक डेनिस क्रिस्टी और सहायक प्रबंधक अभिजीत भौमिक उपस्थित थे। साथ ही प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ श्रद्धा मिश्रा, यश ओबेरॉय और डी पी देशमुख भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एन के बंछोर ने अपने संबोधन में कहा कि यद्यपि यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता कोविड-19 महामारी के कारण तीन वर्षों के बाद आयोजित की जा रही है, लेकिन इसकी भव्यता 1977 से बरकरार है।

कोरस थिएटर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक सपना ने सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि गीता आर्ट्स के नाटक पुकार ने दूसरा और योगी संदन ग्रुप के नाटक द मैरिज प्रपोजल ने तीसरा पुरस्कार जीता। सुप्रिया सेन ने समारोह का संचालन और धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

बीएसपी ने पीपरछेड़ी में ड्राई फ्लावर शिल्प प्रशिक्षण का शुभारंभ किया

भिलाई, 17 मार्च । भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सहयोग से ग्राम पीपरछेड़ी में ड्राई फ्लावर शिल्प प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ 15 मार्च को किया गया। मुख्य अतिथि संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता उपस्थित थे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी के तकनीकी सलाहकार सुश्री श्रद्धा सिंह तथा जूनियर ऑफिसर अशरफ शेख उपस्थित थे। मुख्य अतिथि तापस दासगुप्ता ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सीएसआर विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना क तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम को महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने व स्वावलंबी बनाने हेतु सार्थक बताया। प्रशिक्षिका श्रीमती लता चक्रदेव द्वारा गांव की महिलाओं को तीन महीने तक ड्राई फ्लावर शिल्प प्रशिक्षण दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड से संयोजन प्रमुख सी एस केहरी ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के संदर्भ में अपने विचार रखे। अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े ने की। उप प्रबंधक कमलकांत वर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत एवं भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रगति के लिए नारी शक्ति को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। संचालन श्रीमती रजनी रजक ने किया तथा ग्राम प्रमुख बालकृष्ण ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुलाकात

भिलाई, 17 मार्च । राष्ट्रीय खेल अलंकरण शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार प्राप्त कुश्ती खिलाड़ी अवधेश यादव एवं विजेंद्र पाल सिंह ने विगत दिवस छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के महासचिव एवं रेसलिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के एग्जीक्यूटिव मेंबर प्रशान्त राय से मुलाकात की। इस दौरान प्रशान्त राय ने राज्य में कुश्ती खेल की गतिविधियों को बढ़ाने के सम्बन्ध में पहलवानों से चर्चा की। मुलाकात के दौरान युवा नेता राहुल बृजजीवन राय भी उपस्थित थे।

रामनवमी पर्व पर अवकाश की घोषणा का मनीष ने किया स्वागत

भिलाई, 17 मार्च । छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने एक आदेश जारी करते हुए रामनवमी पर्व पर प्रदेश में अवकाश की घोषणा की है। इस आशय के आदेश भी प्रदेश सरकार द्वारा जारी कर दिये गये हैं। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का अभिनंदन करते हुए इस फैसले का स्वागत किया है। पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रभु श्रीराम का ननिहाल है और प्रभु जन-जन के हृदय में वास करते हैं।

प्रत्येक वर्ष पूरे भारतवर्ष की भांति छत्तीसगढ़ में भी प्रभु का जन्मोत्सव श्री रामनवमी भव्य रूप से मनाया जाता है। प्रदेशवासियों द्वारा पूर्व में इस पर्व पर अवकाश घोषित करने की मांग की गई थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने इस शुभ दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। हम सभी उनका हार्दिक अभिनंदन करते हैं।

लोकसभा निर्वाचन-2024 की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू

कवर्धा,17 मार्च। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा 16 मार्च को हो चुकी है। घोषणा दिनांक से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर ने आयोग द्वारा घोषित लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए घोषित समय सारणी की पूरी जानकारी दी। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 06 राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले में विधानसभा-71 पंडरिया एवं 72 कवर्धा का संपूर्ण क्षेत्र शामिल है।कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि कबीरधाम जिले के अंतर्गत जिले के दोनो विधानसभा-71 पंडरिया एवं 72 कवर्धा का लोकसभा निर्वाचन दूसरा चरण में संपन्न होगा। जारी समय सारणी अनुसार नाम निर्देशन की प्राक्रिया इस प्रकार होगी। आयोग से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र-06 के लिए अधिसूचना 28 मार्च को जारी होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 04 अप्रैल, नामांकन पत्र की संवीक्षा 05 अप्रैल, नामांकन पत्र की वापसी 08 अप्रैल, मतदान की तिथि 26 अप्रैल और मतगणना की तिथि 04 जून 2024 और निर्वाचन प्राक्रिया समाप्ति तिथ 06 जून 2024 निर्धारित है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मीडिया प्रतिनिधियों, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों और विभाग प्रमुखों की अलग-अलग बैठक लेकर आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के साथ ही निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश भोई, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती गीता रायस्त सहित मान्यता प्राप्त राजनितिक दलों के प्रतिनिधि, मीडिया के प्रतिनिधि और निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।बैठक में बताया गया कि निर्वाचन के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए जिले में धारा 144(1) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए गए है। चुनाव प्रक्रिया एवं चुनाव के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित नहीं हो सके तथा शस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोके जाने के लिए शस्त्र लाईसेंसधारियों का शस्त्र थाना में जमा कराने के आदेश जारी कर दिया गया है। इसी तरह निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पोस्टर चिपकाकर, नारे लिखकर प्रतीकों की पेंटिंग आदि से निजी अथवा सार्वजनिक संपत्ति की विरूपण करने, अवांछित गतिविधियों को निर्वाचन के पूर्व से रोके जाने के लिए निर्देशों तथा विधिक प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जा रही है। ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया जा चुका है।निर्वाचन प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से वाहनों पर रखे लाउडस्पीकर एवं पूर्ण रूप से स्थिर लाउडस्पीकर के अनुमति जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा दी जाएगी। जिले में सभायें, जुलूस आदि के आयोजन को प्रतिबंधित आदेश जारी किया जा चुका है। इसका उपयोग किए जाने के लिए संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी से अभिमत प्राप्त करने के पश्चात जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा अनुमति दी जाएगी। सभायें, जुलूस के लिए एक ही स्थान के लिए दो-तीन आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में पहले आए, पहले पाये की शर्त पर अनुमति दी जाएगी। यदि एक साथ दो-तीन आवेदन प्राप्त होता है, उस स्थिति में लाटरी सिस्टम से अनुमति दी जायेगी।बैठक में बताया गया कि आदर्श आचरण संहिता में यह प्रावधान है कि राजनैतिक दल और अभ्यर्थी निजी जीवन के ऐसे सभी पहलुओं की आलोचना करने से बचेंगे जो अन्य किसी दल के नेताओं और कार्यकर्ताओं के सार्वजनिक गतिविधियों से नहीं जुड़ा है कोई भी अभ्यर्थी किसी भी ऐसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा जो मौजूदा मतभेदों को बढ़ाए या विभिन्न जातियों, समुदायों के बीच तनाव पैदा करे, वोट हासिल करने के लिए जाति या साम्प्रदायिक आधार पर कोई अपील नहीं करेगा।

अधिकारियों की मैराथन बैठक के बाद आचार संहिता लगते ही कार्रवाई के निर्देश

रिसाली। निगम का कामकाज संभालने के बाद अवकाश के दिन आयुक्त मोनिका वर्मा ने सारे अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने पहले विभागवार कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की। लोकसभा आम चुनाव के लिए आचार संहिता लगने की सूचना मिलते ही तत्काल संपत्ति विरूपण कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।आयुक्त ने निर्देश दिए कि आचार संहिता लगने की सूचना मिलते ही पहले 24 घंटे के भीतर सभी सरकारी भवनों में संपत्ति विरूपण कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थानीय निर्वाचन और राज्य निर्वाचन को भेजी जाने वाली जानकारी में किसी प्रकार की कोताही न बरते। आयुक्त ने कार्यालय निरीक्षण से पहले महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने रिसाली के भौगोलिक स्थिति पर चर्चा की। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू समेत पार्षदगण उपस्थित थे। आयुक्त मोनिका वर्मा सुबह 11:30 बजे सबसे पहले श्याम नगर स्थित टंकी कार्यालय का निरीक्षण की। उन्होंने सफाई विभाग के कार्यों का निरीक्षण भी किया। वे मुख्य कार्यालय के अलग-अलग कक्ष में संचालित विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग में स्वीकृत और निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, निगम सचिव रोहित साहू समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त मोनिका वर्मा ने कर्मचारियों की बैठक लेते कहा कि शनिवार से चुनाव आचार संहिता लागू हो चुकी है। किसी भी स्थिति में अधिकारी कर्मचारी बिना अनुमति के कार्यालय न छोड़े।

घातक अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर व रैली, सभा, जूलूस प्रतिबंधित

दुर्ग, 17 मार्च । भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग के स्थायी आदेशों के द्वारा भी निर्वाचन के दौरान शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश के संदर्भ में यह आवश्यक हो गया है कि जिले में लोक शांति बनाये रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय भी किये जाए। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अंतर्गत धारा 144 (1) एवं (2) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है।जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार दुर्ग जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति, किसी भी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र यथा बन्दूक, राइफल, भाला, बल्लम, बरछा, लाठी एवं अन्य प्रकार के घातक हथियार तथा विस्फोटक सामग्री लेकर किसी भी सार्वजनिक स्थान आम सड़क, रास्ता, सार्वजनिक सभाओं/ रैली/ जूलूस एवं अन्य स्थानों पर नहीं चलेगा। कोई भी राजनैतिक दल या अभ्यर्थी सशस्त्र जुलूस नहीं निकालेगा और न ही आपत्तिजनक पोस्टर वितरित करेगा। दुर्ग जिले के अंदर कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के न तो कोई सभा करेगा, न कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा और न ही कोई धरना देगा। यह आदेश उन शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य संपादन के लिये लाठी या शस्त्र रखना आवश्यक है। यह आदेश उन शासकीय कर्मचारियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें चुनाव व मतदान के दौरान, कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जिन्हें शारीरिक दुर्बलताएं वृद्धावस्था तथा लंगड़ापन होने के कारण सहारे के रूप में लाठी रखना आवश्यक होता है।

निधन

आर. नकुलुडु नायडू

भिलाई, 17 मार्च । सेक्टर 5 निवासी आर. नकुलुडु नायडू 86 वर्ष का निधन जवाहर लाल नेहरू अस्पताल सेक्टर 9 में इलाज के दौरान हो गया है। वे भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व कर्मी थे एवं इंटक यूनियन के पदाधिकारी भी थे। आर. रवि कुमार के पिता, आर. एन. रामाराव पत्रकार के चाचा व अंभु नायडू के ससुर थे। आर. यशवंत के दादा एवं हेमंत नायडू व आदित्य नायडू के नाना थे। इसके अलावा वे आंध्र साहित्य समिति के सह सचिव पद पर भी अपनी सेवा देते रहे हैं। उनका अंतिम संस्कार 17 मार्च को दिन में 12 बजे शिवनाथ नदी तट पर किया गया।



एक नजर

एसबीआई बैंक में खाता एंट्री मशीन खराब

डोंगरगढ़ 17 मार्च। धर्मनगरी के व्यसत्म बैंक एसबीआई बैंक की खाता एंट्री मशीन खराब हो जाने से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के खाताधारी महिला, पुरुष, बुजुर्ग आम लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परेशानियों को देखने और सुनने वाले तो है पर हफ्ते भर से खराब पड़ी एंट्री मशीन की शिकायत देने के बाद भी रायपुर से इंजीनियर नहीं आया व मशीन को सुधार नहीं किया गया। आपको बता दें कि नगर के एकमात्र एसबीआई बैंक में 03 खाता एंट्री मशीन है जिसमें से 02 खराब पड़ी है व सभी काउंटर पर प्रिंटर मशीन है उसके बावजूद खाता धारको को पासबुक प्रिंट कराने व बकाया रकम की जानकारी लेने के लिए घण्टो लाईन लगाया जाता है। इन छोटी व आम परेशानियों का समाधान करने वाले कोई नजर नहीं आते। चिलकती धूप में लाइन लगा कुम्हडा टोला के श्री ठाकुर गश खा कर गिर पड़े जिन्हें बैंक मैनेजर व कर्मचारी की सहायता से पानी पिलाया गया। खाता एंट्री मशीन के खराब होने व कब तक सुधार होने के सवाल पर बैंक मैनेजर ने चर्चा कर बताया कि हमने इसकी शिकायत हेड आफिस राजनाँदगांव कर दी है लेकिन मशीन को सुधारने वाला इंजीनियर रायपुर से आता है उनके आने पर ही मशीन सुधार किया जाएगा।

वाद विवाद की घटना में 2 आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

राजनांदगांव 17 मार्च। 16 मार्च को अनावेदक 1.तोखराम कंवर पिता स्व. पवन कुमार उम्र 53 साल एवं 2.रितेश कुमार चंद्रवंशी पिता केवल राम उम्र 22 साल दोनो निवासी हालेकोसा थाना छुरिया जो पड़ोसी है दिनांक 16.03.24 को समाज को खाना नही खिलाने की बात पर आपस में वाद विवाद कहा सुनी हो रहे थे घटना की सूचना डॉयल 112 को मिलने पर मौके पर जा कर समझाइश दिया गया जो पुनः आपस में विवाद करते एक दूसरे को मरने मरने पर उतारू हो रहे थे मौके पर दोनो मरने मरने की बात करने लगे जिस पर अपराध घटित होने के अदेशा पर दोनों अनावेदको के विरुद्ध पृथक पृथक प्रतिबंधक धारा 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय में पेश किया गया।

संयुक्त वन प्रबंधन सुदृढ़ीकरण एवं विकास प्रशिक्षण कार्यशाला में रेंजर बम्बाडे ने दी विस्तृत जानकारी

छुरिया 17 मार्च। वन वन परिक्षेत्र बागनदी अंतर्गत दिनांक 15/03/2024 को संयुक्त वन प्रबंधन सुदृढ़ीकरण एवं विकास प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजन काष्ठागार सड़क चिरचारी में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वन मंडलाधिकारी श्रीमती सलमा फारुकी जी, उपवन मंडल अधिकारी राजनांदगांव श्री योगेश कुमार साहू जी, डोंगरगढ़ राजपूत मेडम जी, डोंगरगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री उइके जी, एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति के वरिष्ठ अध्यक्ष गणेश राम सिंहा जी के द्वारा सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी श्री अनिल बंबाडे जी ने कहा कि लकड़ी आदमी के जन्म से लेकर मृत्यु तक कितना उपयोगी है को श्लोकों के माध्यम से सभा में लोगों को जागरूक किया। जिसे लोगों ने खूब सराहा। श्री बंबाडे जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संयुक्त वन प्रबंधन समिति में एक अध्यक्ष के आलावा दस लोग सदस्य हैं अपितु उस गांव के सभी युवा वनों के संरक्षण और संवर्धन में संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्य है। उन्होंने कहा कि संबोधन में कहा कि अपने गांव , अपने जंगल, अपने नाले की प्राकृतिक संसाधन, संपत्ति, सुंदरता अपनी है। इसे बचाकर रखने पर जोर दिया। श्री बंबाडे जी द्वारा संयुक्त वन प्रबंधन सुदृढ़ीकरण एवं विकास प्रशिक्षण कार्यशाला में दिए गए जानकारी को कार्यशाला में उपस्थित संयुक्त वन प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भूरि भूरि प्रशंसा की कार्यक्रम में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी छुरिया श्री कृष्ण कुमार सोनी जी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी जोब श्री कय्यूम खान जी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी सुश्री गीता सुखदेवे जी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी चिरचारी श्री प्रेम लाल साहू जी, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गैंदाटोला श्री विक्रम ठाकुर जी, वनपाल छुरिया श्री चन्दुलाल हरदेल जी, एवं भारी संख्या में वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी उपस्थित थे।

जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू, मतदान 26 अप्रैल को व मतगणना 4 जून

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 मार्च। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों के लिए आम निर्वाचन की घोषणा कर दी गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रेसवार्ता ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजनांदगांव जिला अंतर्गत अंतर्गत आने वाले संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए आम निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव की सीट अनारक्षित है। निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है।

कलेक्टर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव में अधिसूचना का प्रकाशन गुरूवार 28 मार्च 2024 को, नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि गुरूवार 4 अप्रैल 2024 को, नामांकन पत्रों की संवीक्षा शुक्रवार 5 अप्रैल 2024 को तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 8 अप्रैल 2024 है। मतदान शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 को संपन्न होगा तथा मतगणना मंगलवार 4 जून 2024 को होगी। वहीं गुरूवार 6 जून 2024 को तिथि जिसके पूर्व निर्वाचन संपन्न होगा। कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है। आदर्श आचरण संहिता का प्रभाव 6 जून 2024 तक रहेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन 8 फरवरी 2024 के बाद वर्तमान में सतत अद्यतीकरण की प्रक्रिया जारी है। विधानसभा क्षेत्र कमांक 71-पंडरिया, 72-कवर्धा, 73-खैरागढ़, 74-डोंगरगढ़ (अनुसूचित जाति), 75-राजनांदगांव, 76-डोंगरगांव, 77-खुज्जी एवं 78-मोहला-मानपुर हेतु लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए तैयार की जाने वाली निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज करने की कार्रवाही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक की जाएगी, परंतु इसके लिए आवेदक को 24 मार्च 2024 के पूर्व निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

ब्रम्हाकुमारी बहनों ने प्रशिक्षण के दौरान राजयोग की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 17 मार्च। ब्रह्माकुमारीज नगरी के बहनों द्वारा डाइट नगरी में चल रहे योग प्रशिक्षण स्थल पर राजयोग के विषय में जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नगरी के राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन, ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी बहन तथा योग प्रशिक्षक श्री राजेश तिवारी जी, श्रीमती गोपिका मैडम जी श्री के. एस. ध्रुव जी, देवांगन सर जी व समस्त स्टाफ सहित धमतरी जिले के विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकगण शामिल रहे। सरस्वती वंदना एवं देशभक्ति गीत से कार्यक्रम की शुभारंभ की गई। सर्वप्रथम राजयोगिनी भावना बहन ने सभी प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के व्यस्ततम जीवन शैली से लोगों को स्वास्थ्यगत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जिसका हमारे जीवन शैली पर खासा प्रभाव दिख रहा है ऐसे समय में योग एक अच्छा विकल्प है हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए योग से हमारा शरीर स्वस्थ व मजबूत बनता है जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग जरूरी है ठीक उसी प्रकार हमारी आत्मा के लिए राजयोग आवश्यक है राजयोग से हम अपनी रोजमर्रा की चिंताओं से परे जाकर आध्यात्मिक सशक्तिकरण का आरंभ करते हैं आध्यात्मिक जागृति हमें व्यर्थ और नकारात्मक भाव से दूर कर अच्छे सकारात्मक विचार चुनने की शक्ति देता है जिससे हम समरसता में जीने लगते हैं तथा जीवन को बेहतर, खुशनुमा बनाकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन कर पाते हैं। जब हम आत्मा उस परमपिता शिव परमात्मा को याद करते हैं उनसे जोड़ का अनुभव करते हैं तब हम स्वयं के विचारों, भावनाओं, बोल तथा कर्मों को आत्मा में शांति, प्रेम, आनंद व सत्यता जैसे आत्मा के वास्तविक गुणों से मेल कर पाते हैं। इस राजयोग अथवा मेडिटेशन से हम सच्ची शांति, सुख, पवित्रता, प्रेम खुशी,व आनंद का अनुभव करते हैं। परमात्मा से विभिन्न शक्तियां प्राप्त करते हैं हमारी मन की एकाग्रता विकसित होती है जिससे हमारा प्रभावशाली व्यक्तित्व का निर्माण होता है। उन्होंने सभी प्रशिक्षार्थियों से अपने जीवन में राजयोग को अपनाने व आध्यात्म से जुड़ने की अपील की। तत्पश्चात ब्रह्माकुमारी मुलेश्वरी बहन ने सभी प्रशिक्षार्थियों को मेडिटेशन का अभ्यास कराया।

भूपेश बघेल ने कार्यकर्ताओं को किया चार्ज

छुरिया 17 मार्च। छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मुख्यमंत्री और लोकसभा प्रत्याशी राजनांदगांव माननीय भूपेश बघेल जी का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया की बैठक में शामिल हुआ,पूर्व मुख्यमंत्री बघेल जी जैसे ही खुज्जी विधानसभा सभा प्रवेश किया गांव गांव उनका स्वागत किया है जन सैलाब उमड़ा था ऐसा लगा जैसे मानो नेता जी को पूर्व मुख्यमंत्री जी को अपने बीच पाकर भारी खुशी का माहौल था, ग्राम खुर्सीटिकुल, अछोली, आमगांव, कुमरदा में बैठक,किरगाहाटोला,शिकारीमढ का,बोइरडीह, छुरिया में रोड़ शो बैठक जबरदस्त जगह जगह स्वागत किया गया। ब्लाक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में छुरिया पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री व राजनांदगांव लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल ने केंद्र व राज्य सरकार को जमकर कोसा अपने भाषण में भूपेश ने भाजपा सरकार की नीतियों की जमकर आलोचना की और कहा कि भाजपा सरकार ने हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद कर लाखों प्रदेशवासियों के साथ छल किया है उन्होंने कहा कि बीते 5 साल तक संतोष पांडे सहित भाजपा के निर्वाचित 9 सांसदों ने छत्तीसगढ़ के लिए क्या किया है इसका जवाब आज जनता मांग रही है भाजपा के लोगों को भरोसा नहीं था कि उनकी सरकार बन जाएगी भाजपा ने चुनावी छल व गारंटी के बात कह कर मतदाताओं को लुभाया और सरकार बनाई लेकिन गारंटी कहां मिल रही है क्या 500 रुपए में रसोई गैस मिली हमने मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी को जिला बनाकर विकास के राह पर लाया और आगे भी जिले का विकास करेंगे भाजपा ने सिर्फ छलकर किसानों को ठगने का काम किया है, किसान इस बात को लेकर चिंतित है कि अगले साल उन्हें धन अंतरण की राशि मिलेगी कि नहीं, वहीं महिलाएं भी महतारी वंदन की राशि को लेकर चिंता में है आज छत्तीसगढ़ का युवा किसान और महिलाएं भाजपा सरकार की योजनाओं से सासंकित है। श्री बघेल ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जब हम नगर पालिका और विधानसभा जीत सकते हैं तो लोकसभा भी जीतेंगे कार्यकर्ता यह सोचकर चुनाव मैदान में उतरे की भूपेश बघेल नहीं हम चुनाव लड़ रहे हैं।

खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल के रूप में एक मजबूत नेता और प्रत्याशी हमें मिला है जिन्होंने गरीब और किसानों को सम्मान बढ़ाया हम सब की जिम्मेदारी है कि उन्हें रिकार्ड मतों से विजयी बनाएं।

शहर के मोबाइल डेटा से हो रहा है खिलवाड : कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 मार्च। राजस्व वसूली के नाम पर शहर की जनता का मोबाइल डेटा लेने व् अन्य निजी जानकारी साझा करने के मामले को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने निगम आयुक्त एवं श्री स्टेशनरी कंपनी पर निशाना साधा है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि शहर में राजस्व वसूली का काम जिस कंपनी श्री स्टेशनरी को दिया गया है वो रांची झारखंड की कंपनी है और झारखंड के ही जामताड़ा का नाम पूरे देश में ऑनलाइन ठगी के मामले में कुख्यात है। कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि कुछ स्थानीय युवकों को सामने कर के कंपनी बाहरी लोगों के संरक्षण में शहर के घर घर जा कर उनका निजी विवरण ले रही है और इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि लोगों का मोबाइल डेटा लीक हो रहा है। कुलबीर ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में शहर के कई लोगों के साथ ठगी का मामला हुआ है और ये मामले तब से ही शुरू हुए हैं जब से शहर का मोबाइल डेटा कंपनी वालों ने लेना शुरू किया है। इस मामले की बड़े स्तर पर जांच होनी चाहिए। कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि मैंने पहले भी इस कंपनी और निगम आयुक्त की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़े किये हैं। बिना किसी सुरक्षा के कंपनी को शहर में राजस्व वसूली का जिम्मा दे दिया गया है जिसकी परिणीति आज हम सबके सामने है।

कांग्रेस की सरकार बनने पर युवा, महिला, किसान आत्मनिर्भर होंगे: कांग्रेस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 17 मार्च। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा विभिन्न गारंटी जैसे किसान न्याय गारंटी, नारी न्याय गारंटी, युवा न्याय गारंटी जारी किया गया है। कांग्रेस युवाओं, महिलाओं और किसानों की समृद्धि के लिए पांच-पांच गारंटी दिया है। कांग्रेस महिलाओं से वादा करती है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आते ही महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना लागू करेंगी। उक्त बातें शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कही। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार 16 मार्च को प्रेसवार्ता आयोजित की। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आते ही किसान न्याय गारंटी, नारी न्याय गारंटी, युवा न्याय गारंटी लागू की जाएगी। कांग्रेस महिलाओं से वादा करती है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आते ही महिलाओं के लिए महालक्ष्मी योजना लागू करेंगी। इसके अंतर्गत हर महिला को साल में एक लाख रूपए अर्थात महीने में 8333 रूपए मिलेगा। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में माताओं, बहनों को महीने में मात्र 1000 रूपए साल में 12000 रूपए देगी। कांग्रेस की सरकार 8 गुना ज्यादा महिलाओं को देगी। कांग्रेस की सरकार केन्द्रीय नौकरियों में आधी भर्तियां महिलाओं की करेगी। आशावकर्र, आंगनबाड़ी तथा मिड्डे मील कार्यकर्ताओं को केन्द्रीय सहायता कांग्रेस की सरकार बनने पर दुगुना किया जायेगा। महिलाओं के कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिये प्रत्येक पंचायत में कानूनी सहायक की नियुक्ति की जायेगी। हर शहर की जिला मुख्यालयों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनाया जायेगा।

समाचार संक्षेप

निशक्त व वृद्धजनों को निशुल्क उपकरण वितरित

राजनांदगांव 17 मार्च। 16 मार्च 2024 को सी.आर. सी. सेंटर राजनांदगाँव की ओर से 16 निशक्त व वृद्धजनों को निशुल्क उपकरण वितरित किया गया जिसमे दुर्ग से हरि राम साहू, रामकुवर बाई साहू, गिधवा से गेदी बाई, ऊपरवाह से खेदूराम देवागन,बसंती बाई देवागन,शांतिनगर, शंकरपुर राजनांदगाँव से मेहतरिन बाई, प्रेम लाल यादव , कीर्तन सिंग, राधा बाई साहू , कमला बाई , कृष्णा राम यादव, घनश्याम तिवारी, विश्राम दास साहू, संतराम लोधी , रुख्मनी बाई लोधी ,श्यामा बाई देवागन को उपकरण (विल चेयर विथ कमोड, वाकर , टेबल विथ कमोड , कान मसीन, कमर पट्टा , घुटने का पट्टा , स्पार्ल्न सपोर्ट, छड़ी विथ टेबल, छड़ी निशुल्क वितरण किया गया । इस अवसर पर समाज सेवी कंचना मेश्राम कृष्णा मेश्राम,पी. एन. पी. विक्रम महाराणा, ई. डी.पी. विनय कुमार, एस. डब्लू. खिलेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

खुज्जी में सट्टा पट्टी समेत 2 सटोरिया को डोंगरगांव पुलिस ने पकड़ा

डोंगरगांव 17 मार्च। 15 मार्च को थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व क्षेत्र मे चोरी , लुट , अवैध शराब बिक्री , व संवेदनशील मामलो के गतिविध?ियों पर नजर रखी जा रही है इसी तारतम्य मे क्षेत्र के लुक छुप कर चल रहे सट्टा कागज मे अंको के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर लोगो को सट्टा पट्टी नामक खेल खेलाने वालो पर कार्यवाही करते हुये दिनांक 15.03.2024 को मुखबीर सुचना कि कागज मे अंको के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा पट्टी नमक जुआ खिला राहा है कि सुचना पर बाजार चौंक रोहित निर्मलकर प्रेस दुकान के सामने ग्राम खुज्जी एवं ग्राम करेठी ,थाना डोंगरगांव पहूंच कर मौके पर संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर मौके पर आरोपी 1 .महेन्द्र निषाद पिता बाबुलाल निषाद, उम्र-35 साल पता- ग्राम करेठी, थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0 2. चंद्रप्रकाश पिता लखनलाल सोनी , उम्र- 37 साल पता- राजाखुज्जी थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0 के को रंगे हाथो एक एक नग सट्टा पट्टी का कागज जिसमे रूपये पैसे का दाव लगा लिखा हुआ, एक से 1570/- व दुसरे से नगदी रकम 1550/- रूपये एक एक नग डार्क पेन कुल जुमला रकम 3120 रूपये , सट्टा खेलाते हुये आरोपीयों को पकड कर गिर0 किया है , उक्त कार्यवाही मे पुलिस स्टाफ डोंगरगांव का विशेष भुमिका है।

सट्टा पट्टी लिखते युवक पकड़ाया

राजनांदगांव 17 मार्च। थाना डोंगरगांव 16 मार्च को पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव ,निरीक्षक श्री उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व क्षेत्र मे चोरी , लुट , अवैध शराब बिक्री , व संवेदनशील मामलो के गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है इसी तारतम्य मे क्षेत्र के लुक छुप कर चल रहे सट्टा कागज मे अंको के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर लोगो को सट्टा पट्टी नामक खेल खेलाने वालो पर कार्यवाही करते हुये दिनांक 16.03.2024 को मुखबीर सुचना कि कागज मे अंको के सामने रूपये पैसे का दाव लगाकर सट्टा पट्टी नमक जुआ खिला राहा है कि सुचना पर मोहड चौंक डोंगरगांव ,थाना डोंगरगांव पहूंच कर मौके पर संयुक्त पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर मौके पर आरोपी श्रवण कुमार देवांगन पिता नंदुराम देवांगन, उम्र-35 साल ,निवासी ग्राम मोहड, थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव,छ0ग0 को रंगे हाथो एक नग सट्टा पट्टी का कागज जिसमे रूपये पैसे का दाव लगा लिखा हुआ, नगदी रकम 1570/- एक नग डार्क पेन कुल जुमला रकम 1670/- रूपये , जप्त किया जाकर गिर0 किया है , उक्त कार्यवाही मे पुलिस स्टाफ डोंगरगांव का विशेष भुमिका है ।

आगामी लोकसभा चुनाव और त्योहार को लेकर पुलिस अलर्ट

राजनांदगांव 17 मार्च। लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होने के बाद आज दिनांक 16.03.2024 को जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राजनांदगांव लोकसभा चुनाव द्वितीय चरण में होगा। लोकसभा चुनाव और पर्वो के करीब आते ही राजनांदगांव पुलिस अलर्ट मोड में आ गया है। आगामी लोकसभा चुनाव, होली और रमजान को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्ग दर्शन में थाना कोतवाली क्षेत्रन्तर्गत डीएसपी श्री दिलीप सिसोदिया के नेतृत्व में निरीक्षक श्री संग्राम सिंह, प्रभारी थाना कोतवाली उप निरीक्षक श्री धनीराम नारंगे द्वारा अपने दल बल के साथ शहर के प्रमुख चौक महावीर, जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन, गुड़ाखू लाईन शनि मंदिर, कामठी लाईन, भारत माता चौक, बजरंग चौक, रामाधीन मार्ग, रेलवे स्टेशन पुराना रेस्ट हाउस होते महावीर चौक तक फ्लैग मार्च निकाला गया। इसी प्रकार थाना डोंगरगढ़ में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ श्री सी.आर. चंद्रा के द्वारा अपने दल बल के साथ डोंगरगढ़ के गली मोहल्ले में एवं सड़कों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च के दौरान अराजक तत्वों को चेतावनी दी गई की लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुस्तैद है. संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। गाड़ियों

डिग्री गर्ल्स कॉलेज और सामाजिक संस्था दोस्त और प्योर के संयुक्त तत्वावधान में

विशेष संरक्षित जनजाति के उत्थान पर चर्चा की गई सेमिनार में

रायपुर 17 मार्च। डिग्री गर्ल्स कॉलेज और सामाजिक संस्था दोस्त और प्योर के संयुक्त तत्वावधान में विशेष संरक्षित जनजाति के उत्थान पर समाज की भूमिका के विषय पर राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन निजी चिकित्सालय के हाल पर आयोजित किया गया . डिग्री गर्ल्स कॉलेज के समाज शास्त्र विभाग एवं गृह विज्ञान विभाग ने इस आयोजन पर विशेष भूमिका निभाई. समाजशास्त्र विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. मनीषा महापत्रा ने कहा कि विशेष संरक्षित जनजाति के अध्ययन में उनकी भौगोलिक स्थिति पर आधारित अधोसंरचना, संस्कृति, आचार-व्यवहार, शिक्षा, स्वास्थ्य , जागरूकता का विशेष महत्व है . गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि मिंज ने उनके कुपोषण से सुधार के लिए किये जा रहे विशेष अभियान के बारे में बताया. रविशंकर विश्वविद्यालय के विधी विभाग के प्रोफ़ेसर डॉ. रेनुधर रौतिया ने कहा कि संविधान ने अवसरों की समानता और गरिमा पूर्वक जीने की व्यवस्था के लिये क़ानून के अनुपालन की ज़रूरत को बताया. प्रयोग समाज सेवी संस्था के सीताराम सोनवानी ने सामाजिक आर्थिक विषमता के बढ़ते दुष्परिणामों के बारे में बताया कि इससे उबरने के हर संभव प्रयास की ज़रूरत है.

अर्थशास्त्री प्रोफ़ेसर विनोद जोशी ने कहा कि वन उत्पाद के सही मूल्य मिलने और सही विपणन से जनजातियों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है. भाषा विज्ञान के अध्येता रविशंकर विश्वविद्यालय के शंकरलाल कुंजाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातियों की बोली और भाषा पर विषद अध्ययन और संरक्षण की ज़रूरत है. हम सभी नागरिकों भारत के मूल निवासी हैं और इस विषय पर भेद करने की ज़रूरत नहीं है . दोस्त के संस्थापक डॉ सत्यजीत साहू ने कहा कि युवाओं की जागरूकता और इच्छा शक्ति से समाज में परिवर्तन आता है और यह सेमिनार इस उद्देश्य को समर्पित है . इस सेमिनार में दो व्यवहारिक प्रशिक्षण सत्र का आयोजन भी किया गया था जिसमें भूमि अधिकार सत्र को एकता परिषद के श्री प्रशांत शर्मा ने और मधुमेह आहार सत्र को आहार विशेषज्ञ साक्षी सिंह ने प्रशिक्षित किया . कार्यक्रम का संचालन स्वाती देवांगन , सुनील शर्मा, और एडवोकेट संतोष ठाकुर ने किया . आभार प्रदर्शन डॉ संगीता कौशिक ने किया . सेमिनार में सुरज दुबे, रशमित कौर सलुजा, प्रमिला नागवंशी, रेखा सोनी , मंजु ठाकुर, डॉ. सत्येंद्र ठाकुर , विनय सिंह , कमलेश चंद, पुजा सोनी , जिज्ञासा साहु , अनन्या चटर्जी , निखिलेश और नव्या ने सक्रिय भागीदारी दी . सेमिनार में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं और युवाओं ने भाग लिया।

अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ता का समय बीत चुका है।हॉरर और सस्पेंस से भरपूर यह फिल्म शुरुआत से दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रही है, लेकिन वीकेंड पर धुआंधार कमाई करने के बाद पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट जारी है।अब शैतान की कमाई के छठे दिन के आंकड़े सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।

'हप्पू की उलटन पलटन' ने पूरे किये हंसी और मनोरंजन के 5 साल

एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' अपने पाँच साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस शो में दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी), उसकी दबंग दुल्हनिया राजेश (गीतांजलि मिश्रा), जिद्दी माँ कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और नौ शरारती बच्चों के कारनामे दिखाये जाते हैं। लोट-पोट कर देने वाले अपने वाकयों से यह शो दर्शकों का मनोरंजन करने में लगातार कामयाबी हासिल कर रहा है। शो की टीम के लोगों ने इस उपलब्धि का जश्न मनाने के लिये सेट पर केक काटा और संगीत की धुनों पर थिरके।

शो की सफ्लता के बारे में प्रोड्यूसर संजय कोहली, जो कि एडिट ड्रब्ब प्रोडक्शंस के हैं, ने बताया, हप्पू की उलटन पलटन ने ऐसे शो को बनाने की सोच को सफ्लता दिलाई है, जो तुरंत किसी के भी मूड को अच्छा कर देता है। आज हम इस शो के पाँच साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। और साल दर साल हंसी दिलाते रहने और कॉमेडी का मजा बांटने के लिये हमारी प्रतिबद्धता जारी है। ऐसे पल मायने रखते हैं और अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिये हमारे समर्पण को साबित करते हैं। इसके साथ में हम अपने मूल्यों पर भी खरे हैं। मुझे एडिट ड्रब्ब और एण्डटीवी के सभी कलाकारों और क्रू पर बड़ा गर्व है और मैं उन्हें दिल से बधाई देता हूँ। उन्होंने लगातार कोशिशें करते हुए उपलब्धियाँ हासिल की हैं। सबसे महत्वपूर्ण, मैं हमारे दर्शकों को उनके अटूट प्यार, समर्थन और तारीफ के लिये धन्यवाद देता हूँ। राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने कहा, मैं ऐसे शो का हिस्सा बनकर खुश हूँ, जो पिछले पाँच सालों से अपने दर्शकों को हंसा रहा है और उनके

बीच खुशियाँ बाँट रहा है। मैं तो पिछले साल ही इससे जुड़ी हूँ, लेकिन सेट पर सभी के बीच का मजबूत रिश्ता मुझे एहसास देता है कि मैं हमेशा से इसका हिस्सा थी। पाँच सालों का अपना जश्न शुरू करने के लिये हम सबसे पहले उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर गये और हमने महादेव का आभार जताया। हमें इंदौर में भी अपने प्रशंसकों से मिलने और बात करने का मौका मिला और उनका प्यार मेरे दिल को छू गया। लोगों ने मुझे रज्जो कहकर पुकारा, जिससे दिखता है कि उन्होंने मुझे इस भूमिका में बड़े प्यार से अपनाया है। मैं लगातार उनका मनोरंजन करने और इस शो के अंत तक बने रहने की उम्मीद करती हूँ। मुझ पर भरोसा करने और मुझे इस बेहतरीन सफ्र का हिस्सा बनाने के लिये मैं चैनल और प्रोड्यूसर का भी दिल से आभार जताना चाहती हूँ।कटोरी अम्मा का किरदार निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, हमारी टीम की एकता और दोस्ती ही हमें इस मुकाम तक लेकर आई है। हमें यह हमेशा याद रहेगा। कटोरी अम्मा के तौर पर मेरा सफ्र स्थायी रहा है और ट्रेंड के साथ बदला भी है, क्योंकि इससे भारतीय दर्शकों की माँग पूरी हुई है। मैं लगभग चार दशकों से इस इंडस्ट्री में हूँ और मैंने अनेक किरदार निभाये हैं। लेकिन कटोरी अम्मा का किरदार हमेशा मेरे दिल में बसा रहेगा। यह शानदार पाँच साल हमारे प्रोड्यूसर्स, राइटर्स, डायरेक्टर्स, एक्टर्स और टेक्निशियंस के बिना संभव नहीं थे। इस शो को इतने लंबे वक्त तक कामयाब बनाने के लिये उन्होंने काफी मेहनत की है। हंसी और पागलपंती के पाँच साल पूरे होने पर हार्दिक बधाई। आखिर में योगेश त्रिपाठी, ऊर्फ दरोगा हप्पू सिंह ने कहा, ''इस शो की सफ्लता के लिये मैं चैनल, प्रोड्यूसर और हमारे दर्शकों का आभारी हूँ। मुझे कहना ही होगा कि इस शो ने मुझे इंडस्ट्री में नई पहचान दी है और लोग हप्पू सिंह से बेहद प्यार करते हैं। इस उपलब्धि और महाशिवरात्रि का उत्सव मनाने के लिये मैं अपनी ऑन-स्क्रीन वाइफराजेश (गीतांजलि मिश्रा) के साथ इंदौर और उज्जैन गया था। हमने उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन किये और उनका आशीर्वाद लिया।

इंद्राणी मुखर्जी मर्डर केस पर सना रईस खान कहती हैं, उनकी बेगुनाही पर मेरा भरोसा मजबूत हुआ और सच में न्याय की जीत हुई

युवा हाई प्रोफाइल सुप्रीम कोर्ट की वकील सना रईस खान इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम रही हैं. बिग बॉस 17 के घर में प्रसिद्धि पाने के बाद, सना रईस खान ने इंद्राणी मुखर्जी मामले में अपने अभूतपूर्व काम के लिए एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं. सना रईस खान एक युवा, प्रतिष्ठित आपराधिक वकील के रूप में सामने आती हैं, जिन्हें भारत में हाई-प्रोफाइल मामलों पर उनके काम के लिए सम्मानित किया जाता है. बिग बॉस 17 में एक प्रतियोगी के रूप में सना का टेलीविजन की दुनिया में कदम रखना करियर में बदलाव नहीं बल्कि व्यक्तिगत विकास की तलाश थी. मनोरंजन जगत में अपने संक्षिप्त कार्यकाल के बावजूद, वह कानूनी पेशे के प्रति अपनी भक्ति और सुप्रीम कोर्ट के वकील के रूप में अपनी भूमिका के बारे में स्पष्ट रही हैं. सना ने हाल ही में तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्हें शीना बोरा मर्डर केस में इंद्राणी मुखर्जी की नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में दिखाया गया था. मामले में उनकी भारी जीत के लिए उनकी सराहना की गई. जिस पर सना ने खुल कर कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैंने अपनी मुवक्किल इंद्राणी मुखर्जी को न्याय दिलाया, जो 6 साल से अधिक समय से जेल में बंद थी. उसने जेल से रिहा होने के 6 महीने पहले मुझे नियुक्त किया था और जब मैंने उसकी चार्जशीट देखी, तो उसकी बेगुनाही पर मेरा विश्वास मजबूत हुआ और वास्तव में न्याय की जीत हुई.

जीत के लिए उनकी सराहना की गई.युवा हाई प्रोफाइल सुप्रीम कोर्ट की वकील सना रईस खान इंडस्ट्री में एक जाना-माना नाम रही हैं. बिग बॉस 17 के घर में प्रसिद्धि पाने के बाद, सना रईस खान ने इंद्राणी मुखर्जी मामले में अपने अभूतपूर्व काम के लिए एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं. सना रईस खान एक युवा, प्रतिष्ठित आपराधिक वकील के रूप में सामने आती हैं, जिन्हें भारत में हाई-प्रोफाइल मामलों पर उनके काम के लिए सम्मानित किया जाता है. बिग बॉस 17 में एक प्रतियोगी के रूप में सना का टेलीविजन की दुनिया में कदम रखना करियर में बदलाव नहीं बल्कि व्यक्तिगत विकास की तलाश थी. मनोरंजन जगत में अपने संक्षिप्त कार्यकाल के बावजूद, वह कानूनी पेशे के प्रति अपनी भक्ति और सुप्रीम कोर्ट के वकील के रूप में अपनी भूमिका के बारे में स्पष्ट रही हैं. सना ने हाल ही में तब सुर्खियां बटोरीं जब उन्हें शीना बोरा मर्डर केस में इंद्राणी मुखर्जी की नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री में दिखाया गया था. मामले में उनकी भारी जीत के लिए उनकी सराहना की गई. जिस पर सना ने खुल कर कहा, मैं बहुत खुश हूं कि मैंने अपनी मुवक्किल इंद्राणी मुखर्जी को न्याय दिलाया, जो 6 साल से अधिक समय से जेल में बंद थी. उसने जेल से रिहा होने के 6 महीने पहले मुझे नियुक्त किया था और जब मैंने उसकी चार्जशीट देखी, तो उसकी बेगुनाही पर मेरा विश्वास मजबूत हुआ और वास्तव में न्याय की जीत हुई.

आप कभी भी बिना गॉडफादर के बॉलीवुड इंडस्ट्री में टिक नहीं सकते

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में, जहां कई बॉलीवुड अभिनेताओं के लिए सपने हकीकत में बदल जाते हैं, अभिनेत्री ज्योति सक्सेना जो हमेशा अपने विचारों और राय के बारे में खुलकर बात करती है, बॉलीवुड की कठोर वास्तविकता पर प्रकाश डालती हैं और अंत में यह बताती हैं कि एक बाहरी व्यक्ति के लिए यह कितना कठिन संघर्ष है अपने आप के लिए बॉलीवुड इंडस्ट्री में जगह बनाना।

ज्योति सक्सेना कहती हैं, मेरा सपना हमेशा एक अभिनेता बनने का था, और कई भूमिका निभाने के बाद, मैंने अपने जुनून को आगे बढ़ाने का फैसला किया और मैंने बॉलीवुड में कदम रखा। लेकिन बॉलीवुड जैसी इंडस्ट्री में, एक गॉडफादर का होना अक्सर सुनहरे टिकट के रूप में देखा जाता है। लेकिन हममें से जिन लोगों के पास गॉडफादर होने का सौभाग्य नहीं है, उनके लिए यह यात्रा बहुत चुनौतीपूर्ण है, अनगिनत ऑडिशन और रिजेक्शन्स से भरी हुई है। यह एक ऐसा रास्ता है जहां कड़ी मेहनत ही आपका एकमात्र साथी बनती है। वह आगे कहती हैं, बॉलीवुड ने हमेशा हर प्रतिभा का खुली बांहों से स्वागत करके अपनाया है, लेकिन दरवाजे वास्तव में केवल उन लोगों के लिए खुलते हैं जो कास्टिंग काउच करना चाहते है या जिनके पास मजबूत बॉलीवुड कनेक्शन या गॉडफादर है। यहां तक ??कि कड़ी मेहनत के बाद हमे एक भूमिका निभाने का मौका मिलता है जो भी बहुत बार लोकप्रियता नहीं दिला पाता? यह एक बहुत ही कड़वी सच्चाई है जिसे हर कोई जानता है लेकिन कोई भी स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। ज्योति के शब्द कई महत्वाकांक्षी अभिनेताओं की भावनाओं को प्रतिध्वनित करते हैं, जो इस कड़वी सच्चाई से जूझ रहे हैं।

प्रणति राय प्रकाश ने अपने सभी फैंस को दी अपने लाइफ की अपडेट

अभिनेत्री प्रणति राय प्रकाश, जो अपने आकर्षण और जीवंत अभिनय के लिए जानी जाती हैं, ने हाल ही में अपने जीवन के कुछ अंशों को प्रदर्शित करते हुए एक दिल छू लेने वाले वीडियो के साथ एक बार फिर अपने प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किए गए वीडियो में, बहु-प्रतिभाशाली स्टार अपनी दुनिया की एक झलक पेश करती है, जिसमें खुशी, हंसी और रोजमर्रा के पालो को साझा करके अपने सभी दर्शको को बताया है वीडियो का एक मुख्य आकर्षण प्रणति का कलात्मक पक्ष है क्योंकि वह अपने घर को 2008 में बनाई गई उसकी पेंटिंगों से सजाती है। प्रणति की संक्रामक मुस्कान शुद्ध आनंद और सकारात्मकता बिखेरती है। चाहे वह नई किताबे पढ़ना हो, या बस एक कप चाय का स्वाद ले रही हो, प्रणति सहजता से अपनी प्राकृतिक कृपा और आकर्षण से मोहित कर लेती है। अभिनेत्री अपनी फिटनेस जर्नी की भी एक झलक देती है, जहा वे वजन कम करने की यात्रा पर अपना समर्पण दिखाती है। सनसेट के प्रति अपने प्यार दिखती है और उसे अपने कैमरे में कैद करती है। नए दोस्त बनाने से लेकर अपने प्यारे साथियों की संगति का आनंद लेने तक, प्रणति गर्मजोशी और सकारात्मकता बिखेरती है और अपने सभी दोस्तों के साथ प्यारी यादों को साझा करती है। वीडियो में प्रणति की यात्रा और खोज की झलक भी दिखाई गई है, जो उसकी साहसिक भावना को प्रदर्शित करती है। चाहे वह स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेना हो,

किसी पार्टी में डांस फ्लोर पर डांस करना हो, या दोस्तों के साथ अंतरंग समारोहों की मेजबानी करना हो, जीवन के प्रति प्रणति का उत्साह चमकता है, हर प्रेम के साथ अपने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। परिवार से दूर रहना और दोस्तों को अपना परिवार बनाना ही सब कुछ है.जीवन के रोमांच को स्वीकार करके और खुद के प्रति सच्ची रहकर, प्रणति अपने दर्शकों को प्रेरित और उत्साहित करती रहती है, जहां भी वह जाती है खुशी और सकारात्मकता फैलाती है। जैसा कि प्रशासन उत्सुकता से प्रणति के और अधिक अपडेट का इंतजार कर रहे हैं, एक बात निश्चित है - उनकी संक्रामक भावना, उनके सभी चाहने वाले के दिनों को रोशन करती रहेगी और उन्हें जीवन के खूबसूरत पलों को खुली बांहों से अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

दबंग दुल्हनिया राजेश ने दरोगा हप्पू सिंह को इंदौर में मशहूर फायर पान खिलाया!

जब लोग किसी नये शहर की यात्रा करते हैं, तब अक्सर अपने अनोखे कामों की यादें और अनुभव लेकर लौटते हैं। एण्डटीवी की घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में दबंग दुल्हनिया राजेश की भूमिका के लिये मशहूर गीतांजलि मिश्रा और उनके ऑन-स्क्रीन पति दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ। यह ऑन-स्क्रीन जोड़ी हाल ही में महाशिवरात्रि के दौरान इंदौर और उज्जैन पहुँची थी, जहाँ उन्होंने श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किये। संयोग से यह उनके शो के पाँच साल पूरे होने की कामयाबी का मौका भी था। इंदौर में उन्होंने ललचाने वाली चीजों का लुत्फ उठाने के लिये मशहूर छप्पन दुकान का दौरा किया। वहाँ खाने-पीने की कई चीजों का जायका लेने

के बाद उन्होंने वायरल फायर पान का मजा लिया। योगेश ने पहली बार यह पान खाया था, लेकिन गीतांजलि ने उन्हें पाचन में इसके फायदे बताये। छप्पन दुकान में योगेश कई तरह की चीजें खा चुके थे और कुछ ज्यादा ही खा लेने से परेशान थे। दबंग दुल्हनिया राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने कहा, इंदौर शहर खान-पान के लिये जाना जाता है। और वहाँ तरह-तरह के पकवानों का मजा लेने से खुद को रोकना बड़ा मुश्किल होता है। मेरे ऑन-स्क्रीन पति दरोगा हप्पू सिंह जी के साथ वहाँ मेरा अनुभव काफी खुशनुमा रहा। हमने तरह-तरह की चीजों का लुत्फ उठाया, जैसे पारंपरिक रूप से पसंदीदा पोहा और जलेबी। साथ ही कुल्हड़ पिज्जा और आलू टिक्की भी खाई। हम पाककला की विविधता में खो से गये थे। हालांकि यह सफ्र मशहूर फायर पान के बिना अधूरा रहता। मैं इससे पहले भी फायर पान खा चुकी थी, लेकिन योगेश जी का रोमांच देखने लायक था। पान बेचने वाले ने सुनिश्चित किया कि हर पान हमें खुश कर दे। पान में विभिन्न सामग्रियों को कुशलता से मिलाया गया था, जैसे कि तपता हुआ नींबू, सुपारी, मीठा गुलकंद, सौंफ नारियल और मसाले। जब लपटें हटीं और चबाने की अनुभूति में स्वाद का विस्फोट हुआ, और उसके साथ मसालों की सुखद सनसनी महसूस हुई, तब हम मंत्रमुग्ध हो गये। पान के हर शौकीन को इसे जरूर आजमाना चाहिये।

मेरा किरदार रहस्यमय है और इसमें कई शेड्स हैं

मुंबई, 15 मार्च, 2024: सोनी सब का वंशज एक आकर्षक पारिवारिक ड्रामा है, जो दिग्विजय (माहिर पांधी) के खिलाफ विरासत की कड़ी लड़ाई लड़ रही युविका (अंजलि तत्रारी) की दृढ़संकल्पित यात्रा को दर्शाता है। शो में एक साल का लीप आया है, और गेम को बदलते हुए युविका की हमशक्ल युक्ति की एन्ट्री हुई है, जो अपने बोल्ड और साहसी दृष्टिकोण के साथ डीजे को चुनौती देने और उसके साथ यह अल्टीमेट लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। इस लड़ाई में युक्ति का समर्थन करने के लिए, बेहज़ाद खान ने मिस्टर मुल्तानी की भूमिका में प्रवेश किया है और दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है।

बेहज़ाद खान को युक्ति के पिता की भूमिका में दिखाया गया है, जिनकी संयुक्त राज्य से वापसी कहानी में एक नया मोड़ लाती है। ताकतवर मुल्तानी परिवार के सदस्य के रूप में, उनकी उपस्थिति ने हंगामा मचा दिया है। समृद्ध, आकर्षक पोशाक के साथ अंगूठियों और हैट जैसी अनूठी एक्सेसरीज पहने हुए, वह सबसे अलग दिखते हैं। लेकिन यहां पेच है- उनके असली इरादे अब भी एक राज़ हैं। क्या वह दोस्त है या दुश्मन? दर्शक यह अनुमान लगाते रह जाएंगे और जैसे-

जैसे ड्रामा सामने आएगा, वह उन्हें बांधे रखेंगे। एक स्पष्ट बातचीत में, बेहज़ाद खान ने शो में अपने किरदार की गहराई और अपनी डायनेमिक भूमिका के बारे में विस्तार से बात की।

1. आपको मिस्टर मुल्तानी की भूमिका में क्या बात पसंद आई, और क्या आप उनके किरदार से जुड़ाव महसूस करते हैं?

उत्तरः मिस्टर मुल्तानी ऐसा किरदार है जिसके कई शेड्स हैं। यह किसी स्पष्ट किरदार की तरह नहीं है, अच्छा या बुरा। यह एक रहस्यमयी किरदार है। असल ज़िंदगी में भी, मेरे अंदर विभिन्न शेड्स, अलग-अलग विचार और भावनाएं हैं। इसलिए, इस किरदार और उन सभी भावनाओं को निभाना बहुत दिलचस्प है।

2. आप अक्सर अंगूठी, हैट और ट्रेंच कोट पहनते हैं। क्या ये चीजें आपके किरदार को कोई विशेष मायने देती हैं?

उत्तरः ये सिग्नेचर अंगूठियां, हैट और ट्रेंच कोट - हर एक्सेसरीज़ और परिधान मेरी भूमिका के लिए आवश्यक विवरण हैं। ये केवल ड्रेस अप होने के तत्वों से कहीं बढ़कर हैं, ये लाइफस्टाइल के प्रतीक हैं - एक स्टाइलिश, विशाल व्यक्तित्व जो मेरी भूमिका से मेल खाता है। जब कैमरा चालू होता है, तो मैं मिस्टर मुल्तानी का किरदार निभाने के लिए उत्साहित महसूस करता हूं, और हर शॉट मास्टरपीस जैसा लगता है।

3. एक कलाकार के रूप में, आप मिस्टर मुल्तानी जैसा किरदार कैसे निभाते हैं, जो रहस्यमय है?

उत्तरः एक अभिनेता के तौर पर, किसी रहस्यमय किरदार को निभाना बहुत दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण होता है क्योंकि किसी सीन के अंत में, संवादों के अंत में, आप हमेशा अपने चित्रण से दर्शकों के मन में संदेह, रहस्य की भावना छोड़ देते हैं। मुल्तानी जैसे रहस्यमयी किरदार को निभाना बहुत दिलचस्प है, जिसमें कई शेड्स हैं और मुझे इसे निभाने में मज़ा आ रहा है।

4. वंशज में, मिस्टर मुल्तानी अन्य किरदारों से किस प्रकार अलग है?

उत्तरः वंशज में, जबकि अधिकांश किरदार या तो अच्छे या बुरे हैं, मेरा किरदार रहस्यमय बना हुआ है। न तो पूरी तरह से अच्छा और न ही पूरी तरह से बुरा, मैं कहानी में कई शेड्स और पहलू लाता हूं। यह जटिलता ही मेरे किरदार को अनूठा बनाती है, कहानी में गहराई लाती है और दर्शकों को उत्सुक रखती है।

5. क्या आप दर्शकों को यह संकेत दे सकते हैं कि आने वाले एपिसोड्स में मिस्टर मुल्तानी के साथ क्या होगा?

उत्तरः वंशज में मिस्टर मुल्तानी की एंट्री बहुत सारे छिपे रहस्यों और सच्चाइयों को उजागर करेगी। उनकी उपस्थिति हंगामा मचाएगी, जिससे किरदारों और दर्शकों को नई चीजें सीखने को मिलेंगी। सामने आने वाले हर रहस्य हमें किरदारों और उनके अतीत के बारे में और जानकारी देगा, जिससे महाजन परिवार से संबंधित जटिल सच्चाइयां सामने आएंगी। श्री मुल्तानी का आना महत्वपूर्ण पल है, जिससे कई बदलावों की शुरुआत हुई है।

होली पर जुगल को खत्म करने की योजना बनाता है

सोनी सब का शो 'पुष्पा इम्पॉसिबल' पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छू लेने वाली कहानी से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है, जहां वह जीवन में कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए मजबूत और प्रेरणादायक रवैये के साथ आगे बढ़ती रहती है। हाल के एपिसोड्स में, दर्शकों ने देखा कि पुष्पा ने अब मोहल्ला अध्यक्ष का पद संभाल लिया है और नई चुनौतियों का डटकर सामना कर रही है। चूंकि होली का त्योहार अब करीब आ रहा है, इसलिए पुष्पा अपने परिवार और चॉल के सदस्यों के साथ त्योहार की तैयारी कर रही है। अगले कुछ एपिसोड्स में, दर्शक देखेंगे कि पुष्पा के पूर्व पति दिलीप पटेल (जयेश मोरे) का दोस्त उसे पुष्पा के बचपन के दोस्त जुगल (अंशुल त्रिवेदी) से हमेशा के लिए छुटकारा पाने के लिए मनाने की कोशिश करता है। दिलीप भी मानता है कि जुगल उसके और पुष्पा के बीच की एकमात्र बाधा है, और इसलिए, वह होली पर जुगल को खत्म करने की साज़िश रचता है। चूंकि त्योहार के दौरान हर कोई रंगों में डूबा होगा, दिलीप को लगता है कि कोई भी उसे अपराधी के रूप में नहीं पहचान पाएगा।

यह मेरी माँ के लिए एक अद्भुत पल था

सोनी सब का वंशज गंभीर संघर्ष से भरा एक शो है, जो विरासत की अल्टीमेट जंग को दर्शाता है। गहन शूटिंग शेड्यूल के कारण, कलाकार अपने परिवार से दूर रहते हुए, दिन का अधिकांश समय उम्बरगांव में सेट पर बिताते हैं। हाल ही में, शो में दिग्विजय उर्फ ??डीजे की भूमिका निभाने वाले माहिर पांधी अपनी मां को शो के सेट के टूर पर ले गए, और उन्हें पर्दे के पीछे क्या होता है, इसकी एक झलक दी।

इसे उनके लिए और भी ?यादगार पल बनाते हुए, माहिर ने सेट पर ही अपनी नई कार लाकर उन्हें सरप्राइज़ दिया। अभिनेता ने अपनी माँ को अपनी नई कार में सेट घुमाया। हालांकि, अभिनेता के लिए सबसे भावनात्मक पल अपनी माँ के सामने शो के गंभीर दृश्यों की शूटिंग करना था। यह न केवल माँ-बेटे की जोड़ी के लिए, बल्कि सेट पर मौजूद सभी लोगों के लिए एक अवास्तविक पल था, जिन्होंने उनके साथ बहुत अच्छा समय बिताया। दिग्विजय का किरदार निभाने वाले माहिर पांधी ने कहा, ÷कई सालों से, मेरे परिवार ने मुझे कभी सेट पर काम करते नहीं देखा। जब आप अपनी माँ की आंसुओं से भरी आंखों में खुशी देखते हैं, तो हर चीज़ बस समझ में आ जाती है; कड़ी मेहनत रंग लाती है और आपको पता चलता है कि यह सब इसके लायक है। इसलिए, आखिरकार मेरी माँ के सेट पर आने के पल को मैं कभी नहीं भूलूंगा। उन्होंने पहली बार देखा कि सब कुछ कैसे होता है, और उनके साथ यह सब साझा करके मुझे पूरे दिल से खुशी हुई। मैं इसे और भी खास बनाना चाहता था, इसलिए मैंने उन्हें अपनी नई कार से सरप्राइज़ दिया। उन्हें सेट पर ले जाना और घुमाना, उनकी आंखों में खुशी की चमक देखना, यह हम दोनों के लिए बेहद भावनात्मक था। मैं इस याद को हमेशा संजो कर रखूंगा।

कलाकारों ने होली के लिए अपने स्किनकेयर और हेयरकेयर सीक्रेट्स बताए

होली का त्यौहार रंग-बिरंगे उत्सव के लिए जाना जाता है, जिसमें लोग खुशियाँ और जोश फैलाने के लिए एकजुट होते हैं। इस त्यौहार के दौरान कई लोग अपनी त्वचा और बालों को सुरक्षित रखने के लिए ऑर्गेनिक रंगों का इस्तेमाल पसंद करते हैं। लेकिन त्यौहार के दौरान और बाद में सामान्य रूप से इसका ध्यान रखना महत्वपूर्ण होता है और इस तरह आप अपनी रंगत को बरकरार रख सकते हैं। इसके बारे में बात करते हुए, एण्डटीवी के कलाकार होली के बाद की देखभाल के लिये अपने कीमती सुझाव और सलाह दे रहे हैं। ये कलाकार हैं नेहा जोशी (कृष्णा देवी वाजपेयी, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। कृष्णा देवी वाजपेयी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने बताया, मुझे होली की ज़िंदादिली पसंद है। लेकिन अपनी त्वचा और बालों को सुरक्षित रखना मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए मैं पारंपरिक तरीका अपनाती हूँ। सुरक्षा की परत के लिए नारियल के तेल का इस्तेमाल करती हूँ। इस तरह मेरी त्वचा की लचक और बालों का प्राकृतिक आकर्षण बना रहता है। नारियल के तेल से किया जाने वाला और पोषण से भरपूर हेयर स्पा मेरे बालों को मजबूती देता है। यह रंगों से होने वाले संभावित नुकसान को रोकता है। बालों की देखभाल बढ़ाने के लिए मैं होली के बाद उन्हें नींबू के रस और पानी से धोने की सलाह देती हूँ। इससे रंग निकालने में मदद मिलती है और बालों का पीएच पहले जैसा हो जाता है, बाल मुलायम होते हैं और उन्हें आसानी से संभाला जा सकता है। इसके अलावा, होली के बाद नीम की पत्तियों के पानी में नहाने से त्वचा को राहत मिल सकती है। इस तरह तेज रंगों से होने वाली संभावित परेशानियों को भी रोका जा सकता है।

राजेश सिंह की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने सलाह देते हुए कहा, होली के दौरान अपनी त्वचा और बालों की सेहत पर सबसे ज्यादा ध्यान देना जरूरी है। हम ऑर्गेनिक रंगों को चुनकर अपने त्यौहार को ज्यादा सुरक्षित बना सकते हैं और संभावित नुकसान से बच सकते हैं। इस साल जब मैं महाशिवरात्रि के लिए उज्जैन गई थी, तब मैंने इंदौर से कुछ जरूरी चीजें खरीदी थीं। मैंने ऑर्गेनिक रंगों के अलावा प्राकृतिक सामग्रियों से बने मॉइश्चराइजर भी खरीदे, ताकि मेरी होली सुरक्षित और स्वस्थ रहे। त्यौहार के बाद मैं त्वचा को राहत देने के लिए दही, शहद और हल्दी का इस्तेमाल करती हूँ। इससे मेरी त्वचा की नमी लौटती है और उसकी असली चमक बनी रहती है। अपने बालों पर मैं सरसों के तेल से मालिश करती हूँ। यह तरीका काफी पुराना है। बालों को भीतर तक पोषण देने वाला यह तरीका बचे-खुचे रंगों को आसानी से निकाल देता है। इससे काफी हाइड्रेशन मिलता है, मेरे बाल मजबूत और आकर्षक हो जाते हैं। यह तरीके रंगों को साफ करने के अलावा संतुलन भी देते हैं। इनकी मदद से मैं अपनी त्वचा और बालों को मजबूत रखते हुए होली के रंगों का मजा ले सकती हूँ। अनीता भाबी के किरदार के लिये मशहूर विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, मेरे साथ होली की मीठी यादें हैं, क्योंकि मेरा बचपन वाराणसी में बीता है। वहाँ होली का त्यौहार जल्दी शुरू हो जाता है और इसलिए ज्यादा खास रहता है। महाशिवरात्रि के लिए काशी विश्वनाथ के हालिया दर्शन के दौरान मैंने होली की जोरदार तैयारियाँ देखी थीं। वो तैयारियाँ अब भी चल रही हैं। होली के दौरान मेरे परिवार की सबसे पसंदीदा परंपराओं में से एक है विशेष उबटन लगाना। मेरी माँ हुनी हुई सरसों, थोड़ी हल्दी और सरसों के तेल का इस्तेमाल करती हैं। यह उबटन मेरी त्वचा को तेज रंगों से बचाता है और उसे हाइड्रेट रखता है। हम इस उबटन को बड़े प्यार से त्वचा पर लगाकर मालिश करने की परंपरा निभाते हैं। होलिका दहन समारोह के दौरान कोई भी अवशेष औपचारिक रूप से जला दिए जाते हैं और यह बीमारियों से सुरक्षा का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश की परंपराओं को जानने वाला हर व्यक्ति इस रिवाज के बारे में जानता है। होली के बाद सरसों के तेल से मालिश करके नहाने से मेरी त्वचा में फिर से जान आ जाती है। बालों को मैं नारियल तेल की मालिश से पोषण देती हूँ।

स्मार्ट आंगनबाड़ी की मरम्मत में हुआ घोटाला, जांच में पाई अनियमितता

आंगनबाड़ी के नौनिहालों के हक पर जैनम कंस्ट्रक्शन ने डाला डाका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर 17 मार्च। छत्तीसगढ़ में चुनाव के दौरान भाजपा ने सत्ता में आने पर किए वादों को पूरा करने की बात कही थी इन वादों में एक वादा शासकीय योजनाओं के नाम पर हुए भ्रष्टचार पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही थी लेकिन ये वादा नारायणपुर जिला में पूरा होता नही दिख रहा है । भाजपा के सत्ता में आए लगभग तीन माह पूरा होने को है लेकिन नारायणपुर जिले में स्मार्ट आंगनबाड़ी बनाने के नाम पर हुए लाखो रुपए के भ्रष्टचार पर अब तक कोई कार्यवाही ना होना कई सवाल खड़े कर रहा है जबकि नारायणपुर विधानसभा के विधायक केदार कश्यप छत्तीसगढ़ शासन में वन मंत्री है । ज्ञात हो कि उक्त मामले को लेकर तात्कालीन कलेक्टर अजीत वसंत ने अभिषेक गुप्ता अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में जांच 3 सदस्यीय टीम बनाई टीम ने जांच कर रिपोर्ट जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को सौप दिया है बाउजुद इसके अब तक उक्त फर्म के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है जबकि जांच रिपोर्ट में जैनम कंस्ट्रक्शन फर्म को जारी की गई राशि 1 करोड़ 39 लाख रुपए में से मजह 36 लाख

रुपए का ही कार्य होना जांच टीम ने पाया है जो दर्शाता है कि 1 करोड़ रुपए का घोटाला 12 आंगनबाड़ी के निर्माण कार्य में हुआ है बाकी 10 आंगनबाड़ी केंद्रों की भी जांच होने पर घोटाला की राशि और बढ़ सकती है । वही सूत्रों की माने तो उक्त भ्रष्टाचारी फर्म को और नवीन कार्य जिला प्रशासन द्वारा दिए जाने की बाते भी सामने आ रही है । वही उक्त मामले को लेकर चुनाव से पहले भाजपा ने स्मार्ट आंगनबाड़ी बनाने की योजना पर भ्रष्टाचार किए जाने का मामला बड़े जोर शोर से उठाया था अपने सत्ता में आने पर नौनिहालों को उनका हक दिलाने की बात कही थी । लेकिन वन मंत्री केदार कश्यप ने उक्त मामले को लेकर मीडिया से ही हुए भ्रष्टाचार की सूची मांगी है उनका ये बयान पिछली सरकार के आबकरी मंत्री कवासी लखमा की याद दिला गया क्योंकि कवासी लखमा ने भी कहा था मीडिया में खबर दिखाने से कुछ नही होता इसकी सूची लाओ मैं जांच कराता हूं । पूरा मामला इस प्रकार है कि नारायणपुर जिले में रावघाट लौह अयस्क परियोजना की शुरुवात करने से पहले प्रभावित गांवों में शिक्षा , स्वास्थ, सड़क और पानी की व्यवस्था किए जाने के सपने ग्रामीणों को दिखाए गए और सीएसआर मद से प्रभावित 12 खोडगांव , परलभाट, भरंडा, खाड़कागांव, सूपगांव, केरलापाल , कनेरा , गुरिया , बिजली , अंजरेल , खैराभाट टेमरूगांव सहित देवगांव , नेलवाड़ , कुझरगांव , बेनूर , भाटपाल , छोटेडोंगर , धनोरा , बड़गांव , हतामीमुंजमेटा ,कोंगिरा 22 गांवों के आंगनबाड़ी को 15- 15 लाख रुपए कुल 3 करोड़ 30 लाख की लागत से स्मार्ट आंगनबाड़ी बनाकर छोटे छोटे बच्चो को आधुनिक सुविधा, पुराने भवन को वेल अप टू डेट भवन , आंगनबाड़ी में बच्चो के लिए खेलकूद के समान , मनोरंजन के लिए टीवी लगाया जाने की योजना बनाई गई और उक्त कार्य नारायणपुर जनपद पंचायत को सौप दिया गया । जनपद पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत को कार्य ना देकर टेंडर लगाकर जैनम कंस्ट्रक्शन को कार्य दिया गया उक्त टेंडर प्रक्रिया में भी नियमो की धज्जियां उड़ाते हुए जैनम कंस्ट्रक्शन को कार्य दे दिया गया । ठेकेदार ने भ्रष्टचार का ऐसा खेला खेला की स्मार्ट आंगनबाड़ी की योजना धरी की धरी रह गई हद तो तब हुई जब जनपद पंचायत नारायणपुर द्वारा बिना स्टिमेंट के कार्य कराया गया और बिना इंजिनियर के वेलवेशन उक्त फर्म को लगभग ढाई करोड़ रुपए का पेमेंट बिना कार्य पूर्ण के कर डाला । वही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का कहना है कि आंगनबाड़ी में कोई ठेकेदार आया बोला आंगनबाड़ी का मरम्मत कर अच्छी व्यवस्था की जाएगी लेकिन रंगाई और टाइल्स का ही कार्य किया गया है जो कि गुणवत्ताविहीन है टाइल्स जगह जगह से निकल गए है जिससे बच्चो को चोट लगती है भवन हमारा जर्जर हो गया था जिसकी सिर्फ पुताई की गई है । पानी, बाउंड्रीवाल, किचन शेड की हालत दयनीय है हद तो तब हो गई जब ठेकेदार आंगनबाड़ी के शौचालय का दरवाजा और किचन शेड का टीन ले गया । जिसकी जानकारी अधिकारियों को दे दी गई है। जनपद पंचायत नारायणपुर द्वारा स्मार्ट आंगनबाड़ी निर्माण के लिए टेंडर लगाया गया और टेंडर जैनम कंट्रकशन को दिया गया । माडल आंगनबाड़ी में कुल 11 काम होने थे जिसमे किचन शेड , टाइल्स , पेंटिंग व कलर , वाटर सफलाई , विद्युतीकरण , आरो, स्लाइडर खिड़की व गेट, फिसल पट्टी झूला, वाटर फ्लफिंग, टीवी सहित खिलौना के समान शामिल है । लेकिन ठेकेदार ने गुणवत्तविहीन पेंटिंग और टाइल्स का ही मात्र कार्य किया और जनपद पंचायत नारायणपुर द्वारा ठेकेदार को 3 करोड़ की राशि का भुगतान कमीशन खोरी के चक्कर में कर खुला भ्रष्टाचार किया ।

मर्दापाल शाखा डाकपाल चेलिकराम नाग को सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोंडागांव 17 मार्च। डाक विभाग में विगत चार दशक से सेवा देने वाले शाखा डाकपाल चेलिकराम नाग को सेवानिवृत्ति होने पर 15 मार्च शुक्रवार को डाकघर परिवार कोंडागांव द्वारा उप डाकघर कोंडागांव में भावभीनी विदाई दी गई। इस मौके पर उन्हें शाल श्रीफल व फूलमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदाई दी गई। उनके द्वारा मर्दापाल क्षेत्र में डाक विभाग से सम्बंधित किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके कुशल कार्यशैली को सभी ने प्रशंशा की। उन्होंने मर्दापाल जैसे सुदूर क्षेत्र होने एवं आवागमन की असुविधा के बावजूद भी ग्रामीण डाक जीवन बीमा सहित अन्य डाक उत्पादों को जन जन तक पहुचाया और आम नागरिकों को इसका लाभ पहुँचाया जिसके कारण मर्दापाल में डाकघर में एक अलग पहचान बनाई है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव डाक आरएस मिश्रा, सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव 2, उपडाकपाल कोंडागांव शत्रुघन निषाद, एसपीएम नाका

देवेंद्र तिवारी, उपडाकपाल मर्दापाल रुहूल शेख, संदीप राव, शाखा डाकपाल नईम खान, अनिल दीवान, डिकेश मिर्झा, पदुम सिंह सेठिया, रामलाल पटेल, चेतमन मरकाम, शंकर लाल दीवान, बिसम्बर बघेल, सुबरु कश्यप, बुधराम साहू, सूर्यप्रसाद दीवान, कवित्त ठाकुर, अंजली बर्मन, अनिशा टोप्पो, पूजा सोरी, श्वेता साहू, हिमांशी लहरे, गोपिका, जगदेव सोनवानी, नेहा मिश्रा, संजना, ओमनारायण साहू, राजू सरकार, गोलू यादव, जोंती, मुरलीधर, अंकित, गीतेश्वर राव, सहित डाक विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

समाचार संक्षेप

निगम आयुक्त ने अधिकारियों के साथ गोल बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था देखी

राजनांदगांव 17 मार्च। प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता अधिकारियों के साथ आज सुबह वार्ड नं. 26 व 27 में पैदल भ्रमण कर गोल बाजार क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर पसरा वालों को झिल्ली पन्नी का उपयोग नहीं करने, साफ सफाई रखने समझाईस दिये तथा निर्माण कार्य देख जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता गोल बाजार, गुडाखू लाईन, फल मार्केट व मछली पसरा में पैदल भ्रमण कर साफ सफाई देख स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल से कहा कि चुकि बाजार भीड़ भाड वाला क्षेत्र है, इसे ध्यान में रखते हुये विशेष रूप से साफ सफाई कराया जाये, सभी कर्मचारी प्रतिदिन समय पर उपस्थित रहे तथा मेडिकल अवकाश पर रहने वाले सफाई कर्मी की मेडिकल बोर्ड से जाँच उपरांत ही अवकाश स्वीकृति प्रदान करे। उन्होंने जहाँ एक ओर सब्जी पसरा वाले से झिल्ली पन्नी का उपयोग नही करने समझाईस दिये, वही फल व मछली पसरा वालों को साफ सफाई रखने दुकान व्यवस्थित रखने व सड़े गले खाद्य पदार्थो का विक्रय नही करने समझाईस दिये। आयुक्त श्री गुप्ता निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान गोल बाजार में हाईटेक शौचालय निर्माण के लिये स्थल का निरीक्षण कर खुले रूप में शौचालय निर्माण करने ड्राईंग डिजाईन तैयार करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शौचालय के आस पास पर्याप्त स्पेश हो, गुडाखू लाईन में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण कर तराई करने व निर्माण जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। भरका पारा स्कूल का निरीक्षण कर मरम्मत करने, पोलिंग बूथ के लिये पर्याप्त व्यवस्था करने के लिये निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्री अनूप पाण्डे, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी उपस्थित थे।

आदर्श आचार संहिता :निगम आयुक्त ने किया सम्पत्ति विरूपण के लिये टीम का गठन

राजनांदगांव 17 मार्च। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 चुनाव के संबंध में आदर्श आचार सहिता एवं चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के आदेशानुसार छत्तीसढ़ राज्य के राजनांदगांव लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण के रोकथाम हेतु निगरानी समिति का गठन किया है। गठन उपरांत समिति के सदस्य आज आदर्श आचार सहिता लागू होते ही राजनैतिक दलों के छोटे बड़े विज्ञापन बोर्ड हटाने तथा दिवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दिये। जिसके तहत आज पहले दिन देर रात तक नगर निगम से प्रारंभ कर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 742 छोटे बड़े बोर्ड हटाये गये। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत राजनांदगांव लोकसभा के लिये निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण रोकथाम हेतु कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके मो.नं. 9827118810 को एवं प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव मो.नं. 9425240491 को प्रभारी अधिकारी तथा सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम मो.नं. 9981675320 एवं प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम मो.नं. 9301670006 को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है तथा उप अभियंताओं, समयपाल को सहयोगी का दायित्व सौपा गया है। आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि गठित समिति लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत राजनांदगांव लोकसभा के दौरान राजनीतिक दलो, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवालों पर नारे (स्लोगन) प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किये गये सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने मिटाने से संबंधित कार्यो का निस्पादन करेंगे तथा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित करेंगे। गठित टीम पहले दिन देर रात जी.ई.रोड, पारीनाला रोड,नेहरू नगर, गायत्री मंदिर चौक, रैलवे स्टैशन रोड, महावीर चौक, गुरूनानक चौक, नया बस स्टैण्ड स्टेडियम चौक, कलेक्ट्रेड, जय स्तम्भ चौक, स्टेडियम, बसंतपुर रोड, आर.के.नगर,वैशाली नगर, लक्ष्मी नगर, कमाला कालेज रोड आदि क्षेत्र से 146 फ्लेक्स व पोस्टर, 62 बैनर, 153 झंडी एवं 320 वाल पेंटिंग मिटाये तथा 61 अन्य, इस प्रकार कुल 742 छोटे बड़े बोर्ड हटाकर, वॉल पेंटिंग मिटाकर झंडी भी निकाली गयी। उक्त कार्यवाही प्रतिदिन जारी रहेगी।

बिना केशबुक अवलोकन किए दहदहा सरपंच को किया निलंबित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिर्री 17 मार्च। ग्राम पंचायत दहदहा में मृतक व्यक्ति के नाम से पेंशन की राशि आहरण कर गबन करने का मामला सामने आया है। जिसमे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धमतरी के आदेश पर अनुविभागीय अधिकारी कुरूद द्वारा ग्राम पंचायत दहदहा के सरपंच डीलन चंद्राकर को मृतक व्यक्ति के नाम पर वृद्धा पेंशन योजना के अंतर्गत राशि आहरण करने का आरोप लगाकर निलंबित कर दिया गया है। किसी प्रकार की कार्यवाही किए बिना अनुविभागीय अधिकारी द्वारा 1 भी दिन सुनवाई नहीं किया गया। न ही सुनवाई के लिए टेबल में बैठे है और मजे की बात यह है कि उन्हें बर्खास्त करने का कारण उल्लेख ही नहीं किया गया है। उपसंचालक समाज कल्याण विभाग के जांच अधिकारी ने दबाव में आकर बिना केसबुक अवलोकन किए जांच प्रतिवेदन तैयार किया है। इस स्थिति में कैसे गबन का आरोप लगा सकते हैं। उक्त बातें सरपंच डीलन चंद्राकर ने ग्राम दहदहा में 16 मार्च शनिवार को सुबह 10 बजकर 30 मिनट में हुए प्रेस कांफ्रेंस में कही। इसके पश्चात उन्होंने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जांच अधिकारी द्वारा केसबुक का अगर सही अवलोकन करते तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता और बताया कि आदेश बर्खास्तगी के कोई कारण का उल्लेख नहीं किया गया है। वहीं सचिव ग्राम पंचायत

दहदहा के द्वारा सरपंच के ऊपर लगे आरोप का लिखित जानकारी स्पष्ट उल्लेख किया है कि सरपंच के ऊपर लगाए गए आरोप सही नही है क्योंकि जनपद ऑपरेटर से सूची प्राप्त होने के पश्चात राशि आहरण कर मेरे एवम पंचायत भृत्य के द्वारा राशि का वितरण किया जाता था इसमें सरपंच का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नही रहता था। मृत पेंशन हितग्राही का नाम काटने के लिए जनपद पंचायत कुरूद को कहा गया था। परंतु मृत हितग्राही का नाम नहीं काटा है। और मृत हितग्राहियों का पेंशन सूचना के पश्चात पासल करना होता है। परंतु अभी तक कोई सूचना पंचायत को प्राप्त नहीं है। उक्त कथन पंचायत सचिव तेजराम अंसारी द्वारा लिखित स्पष्ट उल्लेख किया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर 68600 रूपये वित्तीय अनियमितता पाई गई उस संबंध में ग्राम पंचायत द्वारा 21000 रुपए की राशि 7 जून 2023 को जनपद पंचायत कुरूद के स्थापना शाखा में जमा किया गया है। डीलन चंद्राकर ने प्रेस वार्ता में कहा कि जनपद पंचायत द्वारा नॉन डिबिटी भुगतान हेतु रकम पंचायत के खाते में जमा किया गया तब पंचायत सचिव द्वारा पेंशन भुगतान किया गया और दूसरी ओर जनपद पंचायत कुरूद द्वारा पेंशन हितग्राही को डिबिटी के माध्यम से भुगतान किया गया इसीलिए दोहरा भुगतान हुआ है और जानकारी पश्चात पेंशन वापस लेकर जनपद पंचायत में वापस जमा किया गया और जब राशि जमा हो गया तो सरपंच को निलंबित करना उचित नहीं है। साथ ही पेंशन की राशि पंचायत सचिव तेजराम अंसारी और पंचायत भृत्य के द्वारा वितरित की गई है और साथ ही इस मामले में मेरी कोई सुनवाई नहीं की गई। 13 फरवरी को दहदहा के स्कूल चौक में और 14 फरवरी 2024 को आश्रित ग्राम मौरीखुर्द में ग्रामसभा का आयोजन रखा गया। जिसमे खुले तौर पर विस्तृत जानकारी दिया गया जिसमे उपस्थित सदस्यों के द्वारा एकमत होकर कहा गया कि इस मामले में सरपंच को पद से हटाना उचित नहीं है।

इस मामले को लेकर तात्कालिक अनुविभागीय अधिकारी सोनाल डेविड से बात किया तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी बोलने या जानकारी देने से इंकार कर दिया। जबकि उन्होंने ही सरपंच के खिलाफ कार्यवाही किया है। ग्राम पंचायत दहदहा के सचिव तेजराम अंसारी का कहना है कि जांच अधिकारी द्वारा बिना केसबुक अवलोकन किए सरपंच के ऊपर गबन का आरोप लगा दिया। जो कि सरासर गलत है।

तीन माह की सरकार में बड़े फैसले होने से छत्तीसगढ़ में हर्ष:जिलाध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

मोहला 17 मार्च। भाजपा जिलाध्यक्ष मदन साहू के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ प्रेसवार्ता कर छत्तीसगढ़ सरकार के उपलब्धियों पर चर्चा किया गया । छत्तीसगढ़ में 13 दिसम्बर को भाजपा की सरकार ने शपथ ग्रहण किया इसी कड़ी में तीन महीने की भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाने जिलाध्यक्ष ने मोहला-मानपुर -चौकी जिले में प्रेसवार्ता कर की । जिलाध्यक्ष ने बताया कि देशके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ में सरकार बनी है अब छत्तीसगढ़ में विकास के साथ साथ विकसित भारत की गारंटी भी तय है। जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों से चर्चा कर बताया की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले में 46 करोड़ 83 लाख 12 हजार रूपए के 115 विकास कार्यो की सौगात दी है जिनमे 41 करोड़ 83 लाख 23 हजार रूपए के 66 कार्यो का भूमिपूजन एवं 4 करोड़ 99 लाख 89 हजार रूपए के 49 कार्यो का लोकार्पण किया गया। जिसके तहत सीजीएमएससी विभाग अंतर्गत 3 करोड़ 43 लाख 68 हजार रूपए के 17 कार्य, पंचायत विभाग मोहला अंतर्गत 16 लाख रूपए के 4 कार्य, पंचायत विभाग अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 1 करोड़ 40 लाख 21 हजार रूपए के 28 कार्यो का लोकार्पण तथा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अंतर्गत 2 करोड़ 73 लाख 20 हजार रूपए के 2 कार्य, शिक्षा विभाग अंतर्गत 3 करोड़ 20 लाख रूपए के 3 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत 35 करोड़ 40 हजार रूपए के 50 कार्य, पंचायत विभाग मानपुर अंतर्गत 55 लाख रूपए के 6 कार्य, पंचायत विभाग अम्बागढ़ चौकी अंतर्गत 20 लाख 33 हजार रूपए के 5 कार्य एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मानपुर अंतर्गत 14 लाख 30 हजार रूपए के 1 कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

शस्त्र लाइसेंसधारकों को अपने निकटतम थाने में शस्त्र जमा करने के निर्देश

सुकमा, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा 16 मार्च 2024 को लोक सभा निर्वाचन-2024 के लिए कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। उक्त कार्यक्रम अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में लोक सभा निर्वाचन हेतु मतदान 19 अप्रैल 2024 को तथा मतगणना 04 जून 2024 को नियत है। घोषित चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक कानून व्यवस्था एवं चुनाव सम्बन्धी आचार संहिता का पालन समुचित तरीके से हो सके एवं सुरक्षा तथा लोक शांति बनी रहे। कलेक्टर एवम् जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस.एस द्वारा आगामी लोक सभा निर्वाचन 2024 के निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने तथा लोक शांति की सुरक्षा हेतु साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा की दृष्टि से सीमित अवधि के लिये जिले की सीमा क्षेत्र में शस्त्र लायसेंस धारियों से जमा करवा लेने के आदेश जारी किया गया है। जिससे चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो सके तथा इन शस्त्रों का दुरुपयोग होने से रोका जा सके। इस दृष्टि से आयुध अधिनियम, 1959 की धारा-17 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों यथा-एस.ई.सी.एल., अदानी, ईफको आदि के सुरक्षा कार्यों में प्रयुक्त होने वाले शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को छोड़कर जिले के अन्य समस्त अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति को 16 मार्च 2024 से आचार संहिता सामाप्त होने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में अनुज्ञप्तिधारी अपना लायसेंसी हथियार अपने निकटतम थाने में जमा करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा तथा निर्वाचन समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने अस्त्र-शस्त्र पुलिस थाना में जमा कराएं:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उत्तर बस्तर कांकेर, 17 मार्च। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने लोक सभा आम चुनाव -2024 के निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निष्पादन हेतु निर्वाचन करने तथा लोक शांति की सुरक्षा के साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिए कांकेर जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में आग्नेय अस्त्र लायसेंसियों से जमा करवाने का आदेश जारी किया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण निर्मित न हो तथा इन लॉयसेंसी शस्त्रों का दुरूपयोग होने से रोका जा सके। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लॉज (बी) धारा -21 आयुध अधिनियम के तहत उपरोक्तानुसार सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लॉयसेंसियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस थाना में 16 मार्च 2024 से जमा करें। यह आदेश इस जिले में निवासरत एवं बाहर जिले से आये समस्त लायसेंसी शस्त्रधारियों पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी शस्त्र अधिसूचना अवधि समाप्ति 06 जून 2024 के उपरांत संबंधित पुलिस थाना से प्राप्ति अभिस्वीकृति दिखाकर वापस प्राप्त किया जा सकेगा। उक्त आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों पर सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगे, लेकिन वे अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में अवश्य देंगे तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगे।आदेश में यह भी उल्लेखित किया गया है कि ऐसे अनुज्ञप्तिधारी (लायसेंसी) व्यक्ति जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति-आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर जिला कमेटी (ए.डी.एम., एडी.एस.पी.) द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट कांकेर के कक्ष क्रमांक 15 में लॉयसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। उक्त आदेश के तहत 16 मार्च से 06 जून 2024 तक के लिए जिले के राजस्व सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लॉयसेंसियों (आदेश के बिन्दु 3 के लॉयसेंसी शस्त्रधारियों को छोड़कर) के शेष सभी शस्त्र लॉयसेंस निलंबित किये जाते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होंगे ।

अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोक सभा निर्वाचन-2024 की घोषणा की जा चुकी है तथा जिला उत्तर बस्तर कांकेर में आगामी 26 अप्रैल को मतदान और 04 जून को मतगणना होगी। निर्वाचन कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो चुकी है। जिले में लोक शांति बनाए रखने तथा निर्वाचन प्रक्रिया निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अन्य उपायों के साथ-साथ प्रतिबंधात्मक उपाय भी किए जाएंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने जिले में लोकसभा आम निर्वाचन को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(1) एवं (2) के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है, जिसके तहत कोई भी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के समूह द्वारा भले ही वे अनुज्ञप्तिधारी हो, किसी प्रकार का घातक अस्त्र-शस्त्र (जैसे-बंदूक, रायफल, रिवॉल्वर, पिस्टल इत्यादि) तलवार, भाला, बरछा, लाठी, गुप्ती अथवा अन्य अस्त्र-शस्त्र लेकर सार्वजनिक स्थान पर नहीं चलेगा। उक्त आदेश ऐसे शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें अपने कार्य-संपादन के लिए शस्त्र या लाठी रखना आवश्यक हो। यह आदेश उन व्यक्तियों पर भी लागू नहीं होगा, जो शारीरिक दुर्बलता, वृद्धावस्था व विकलांगता के कारण सहारे के रूप में लाठी लेकर चलते हैं। जिले में कोई भी व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के न त तो कोई सभा करेगा, न ही कोई रैली या जुलूस निकाल सकेगा तथा न ही कोई धरना देगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले समूह या व्यक्ति के विरूद्ध धारा-188 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश आज से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह के द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार हेतु सभा, रैली, निर्वाचन कार्यालय, वाहन, ध्वनिविस्तारक यंत्र एवं रोड शो की अनुमति के लिए प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही हेतु संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को अधिकृत प्राधिकारी बनाया गया।

एक नजर

कलेक्टर ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग किया निषिद्ध

सुकमा,17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हरिस. एस ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग करने अथवा करवाए जाने पर पूर्ण रूप से निषिद्ध किया है। चुनावी सभाओं में एवं चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर ध्वनिविस्तारक यंत्र लगाने के लिए अनुविभाग को सक्षम प्राधिकारी बनाकर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग हेतु लिखित में पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगरीय क्षेत्रों में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग सक्षम अधिकारी से ही अनुमति प्राप्त कर सामान्यतः किया जा सकता है। यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तिथि तक संपूर्ण जिले में प्रभावशील रहेगा तथा तत्काल प्रभावशील होगा।

बिना अनुमति के अवकाश पर नहीं जाएंगे अधिकारी-कर्मचारी

सुकमा,17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस ने लोक सभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के तहत शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के बिना अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान करने पर प्रतिबंध लगाया है। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान जिले में पदस्थ कोई भी अधिकारी-कर्मचारी बिना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना किसी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा अपने निर्धारित मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे।

अवकाश पर नहीं जा सकेंगे अधिकारी-कर्मचारी

उत्तर बस्तर कांकेर, 17 मार्च। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना जारी होते ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अभिजीत सिंह द्वारा आदेश जारी कर जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को आदर्श आचरण संहिता का पालन कड़ाई से सुनिश्चित करने हेतु एवं शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बगैर अवकाश पर प्रस्थान नहीं करने व निर्धारित मुख्यालय पर उपस्थित रहने हेतु आदेशित किया गया है।

एक नजर

न्यौता भोज में पौष्टिक आहार पाकर बच्चों के खिले चेहरे

पत्थलगांव, 17 मार्च। शासकीय स्कूलों में आयोजित न्यौता भोज पाकर स्कूली बच्चे बेहद उत्साहित नजर आ रहे है,वे अपने बीच जनप्रतिनिधियों को पाकर उनसे सामाजिक गतिविधियां सिखने आतुर दिखायी देते है। हर दिन शासकीय स्कूलो मे न्यौता भोज के तहत स्कूली बच्चे पौष्टिक आहार पाकर बेहद प्रसन्न है। न्यौता भोज का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला दिवानपुर मे भी आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना अंतर्गत संकुल केन्द्र दिवानपुर मे यह आयोजन किया गया,जिसमे बी.डी.सी.जमल साय एक्का,ग्राम सचिव फूलसिंह सिदार,उमेश यादव, नंदकेश्वर सिंह,अनिल एक्का,जितेन्द्र वैष्णव,संतोष,टेकराम,प्रधानपाठक संतोष टोप्पो, सिलसाय टोप्पो एवं संकुल समन्वयक गजानंद राठिया बतौर मुख्य अतिथी के रूप मे मौजुद थे। न्यौता भोज के दौरान बच्चो को स्कूल परिसर मे एक से बढकर एक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनो को भोजन के रूप मे परोसा गया,जिसे पाकर विद्यार्थी बेहद प्रसन्न आये। खुशी से उनके चेहरे खिल उठे,इस मौके पर संकुल समन्वयक गजानंद राठिया का कहना था कि प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के अंतर्गत होने वाला न्यौता भोज एक तरह से शिक्षक एवं विद्यार्थी के बीच सामंजस का अनुठा प्रयास साबित हो रहा है,उनका कहना था कि एक दिन सम्मलित रूप से जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर भोजन करने से बच्चे बेहद उत्साहित है। शिक्षा के साथ-साथ उन्हे सामाजिक गतिविधियों के बारे मे भी जानकारी मिल रही है। बी.डी.सी जमल साय एक्का ने न्यौता भोज मे शामिल स्कूली बच्चो को पौष्टिक आहार के संबंध मे जानकारी दी। उन्होने बताया कि तेल एवं मिर्च मसालो की अधिकता वाला भोजन करने से स्वास्थ्य मे गडबडी की आशंका उत्पन्न हो जाती है,उन्होने बच्चो को अंकुरित भोजन के साथ-साथ उबले अनाज का सेवन करने की सलाह दी। उन्होने हरी साग सब्जी एवं फ्लो का सेवन पर भी जोर दिया।

मांगलिक कार्यो के लिए बनाया गया मंगल भवन का रिबन काटकर किया उद्घाटन

पत्थलगांव, 17 मार्च। सर्वसमाज के मांगलिक कार्यो के लिए वार्ड क्रमांक 12 मे बनाये गये मंगलभवन का आज रिबन काटकर शुरूवात कर दी गयी। जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल,अध्यक्ष श्रीमती उर्वशी सिंह,उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता,पार्षद अजय बंसल,प्रदीप गुप्ता,सुशील अग्रवाल,विजय त्रिपाठी,अंकित बंसल,सुचीता एक्का,पार्षदआनंद गुप्ता,मौसम अग्रवाल,रेवा धीवर,रेणु विश्वास,भुनेश्वरी बेहरा, के अलावा भाजपा के अन्य पार्षद व पदाधिकारी मौजुद रहे। कार्यक्रम की शुरूवात अतिथियों के स्वागत के साथ की गयी। मुख्य अतिथी के रूप मे मौजुद भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने रिबन काटकर मंगल भवन मे मांगलिक कार्यो की शुरूवात की। उनका कहना था कि लाखो की लागत से बना मंगलभवन सर्वसमाज के मांगलिक कार्यो के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उनका कहना था कि मंगलभवन की शुरूवात से पूर्व वार्डवासीयों को शादी ब्याह जैसे कार्यक्रम के लिए महंगे होटल लेने पडते थे,परंतु सरकार की पहल के बाद वार्ड मे मंगल भवन बनने से अब गरीब तबका के वार्डवासी कम खर्च मे अपने मांगलिक कार्य पूरे कर सकेंगे,इस मौके पर नगर पंचायत के नये सी.एम.ओ जावेद खान,इंजिनियर ओडा प्रफुल्ला,मुख्य लिपिक सहलेखापाल कन्हैयालाल मिंज,सफाई दरोगा,रेवा यादव एवं अन्य कर्मचारी मौजुद थे।

सहायता राशि अब जिला कार्यालय से मृतक के वारिसान को सीधे बैंक खाते में होगी जारी

रायगढ़, 17 मार्च। आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में आर्थिक सहायता की राशि अब मृतक के निकटतम/विधिक परिजन को सीधे बैंक खाते में जारी होगी। यह राशि अब जिला कार्यालय से जारी किया जाएगा। कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं।

कलेक्टर श्री कार्तिकेय गोयल ने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों में हुई जनहानि के लिए आर्थिक सहायता मृतक के परिजनों के समय से मिले इसके लिए सभी प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के लिए राजस्व अधिकारियों को समीक्षा बैठक के दौरान विशेष रूप से निर्देशित किया है।

श्रीमद् भागवत जीवन जीने की कला:पंडित हिमांशु कृष्ण भारद्वाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद,17 मार्च । मिनी स्टेडियम महासमुंद में आज से प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित हिमांशु कृष्ण भारद्वाज द्वारा भागवत कथा का शुभारंभ किया गया । उन्होंने उपस्थित भक्तजनों को संबोधित करते हुये कहा कि भागवत जीवन जीने की कला है । अत- भागवत की कथा को जीवन में उतारे उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत भगवान के सभी 24 अवतारों का विग्रह है । भागवत संपूर्ण ग्रंथों का सार है एवं संतों की प्रसादी है । अपने सुमधुर वाणी से श्रद्धालु भक्तजनों को मंत्रमुग्ध करते हुये कहा कि संसार में सब कुछ वापस आ सकता है । समय को छोड़कर इसलिये हमें समय की कीमत को पहचानना होगा हम सबके लिये समय अमूल्य हीरा है, जिसने भी सच्चे मन से भागवत कथा का श्रवण किया है उनका जीवन धन्य हुआ है हमें मनुष्य जीवन मिला हम अत्यंत सौभाग्यशाली है । हमारा जीवन प्रभु के चरणों में समर्पण होना चाहिये ।पं. हिमांशु कृष्ण भारद्वाज जी ने भागवत कथा का अमृत श्रवण कराते हुये भक्त जनों से कहा कि आध्यात्मिक जीवन आत्मिक सुख का निश्चित हेतु है, जिन पर मनुष्य की आंतरिक कथा, बाह्य दोनों प्रकार की उन्नति एवं समृद्धियां अवलंबित है । सांसारिक उपलब्धियां प्राप्त करने के लिये भी जिन परिश्रम, पुरुषार्थ, सहयोग, सहकारिता आदि गुणों की आवश्यकता होती है वे सब आध्यात्मिक जीवन के ही अंग है । मनुष्य का आंतरिक विकास तो आध्यात्मक के बिना हो ही नहीं सकता । उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा मनुष्य के जीवन दर्शन का सार है, जिससे आध्यात्मिक उन्नति संभव है ।आज कथा के प्रथम दिवस मुख्य यजमान सुशील शर्मा सहित सह यजमान धर्मेन्द्र महोबिया, रमेश साहू, मुन्ना साहू, येतराम साहू, संदीप दीवान, एम.आर. विश्वनाथन, अनुज पांडेय, दिग्विजय साहू, पप्पू ठाकुर, मनीष शर्मा द्वारा सपरिवार उपस्थित होकर महराज जी का भव्य अभिनंदन किया गया । इस अवसर पर पंडित जवाहर त्रिवेदी अर्पित त्रिपाठी नवलकिसोर दुबे सहित समस्त आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूज्य व्यास जी श्रीमद भागवत एवं गोपाल जी का पूजन कराया गया । प्रथम दिवस कथा के अवसर पर ललिता अग्रवाल,सुधा साहू, मीना वर्मा, प्रिया योगेश्वर राजू सिन्हा, आनंद गिरि गोस्वामी, अग्रज शर्मा, टेकराम सेन, राजश्री ठाकुर, घनाराम साहू, शुभ्रा शर्मा, मुन्ना देवार, ललिता प्रकाश चंद्राकर, राजेश्वरी सिन्हा, चुनेश्वरी साहू, लता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, रुरुति शर्मा गुलाब ठाकुर उपस्थित थे । कर सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त जन उपस्थित थे ।

मारे गये माओवादियों की हुई शिनाख्त

बीजापुर, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मुठभेड़ में मिलिशिया कमाण्डर एवं मिलिशिया सदस्य को मार गिराने में पुलिस बल को मिली सफलता जिला बीजापुर में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत हिंगमेंटा- लंका के जंगलों में इंद्रावती एरिया कमेटी के प्लाटून नम्बर 16 कमांडर मल्लेश, माड़ डिवीजन कंपनी नंबर 1 के कमांडर अरुण उर्फ़ रुपेश और 20-25 माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी बीजापुर एवं थाना बेदरे का संयुक्त बल दिनांक 14/03/2024 को माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी । अभियान के दौरान दिनांक 14/03/2024 के शाम 05:00 बजे हिगमेटा के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में 02 माओवादियों को मार गिराने में पुलिस बल को सफलता मिली । सुरक्षा बल द्वारा हिंगमेंटा में माओवादियों के कैम्प को ध्वस्त किया गया । सर्चिंग के दौरान भरमार 02, टिफिन बम, डेटोनेटर, मेकेनिज्म, जिलेटिन स्टीक, कार्डेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, इलेक्ट्रिक वायर, चाकू, माओवादी वर्दी, पिटठू, बैटरी एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया ।

घटना में मारे गये माओवादियों की शिनाख्त -सुरेश मुहंदा पिता इरपा उम्र 30 वर्ष निवासी हिंगमेंटा थाना बेदरे जिला बीजापुर । इन्द्रावती एरिया कमेटी अन्तर्गत विगत 10 वर्षो से सक्रिय रूप से कार्य कर रहा था । वर्तमान में संगठन में मिलिशिया कमांडर के रूप में तैनात थे। सन्नु मुहंदा पिता स्व0टोक्का उम्र 20 वर्ष निवासी हिंगमेटा थाना बेदरे जिला बीजापुर , इन्द्रवती एरिया कमेटी अंतर्गत बाल संघम के रूप में भर्ती होकर विगत 05 वर्षो से संगठन में सक्रिय था । वर्तमान में संगठन में मिलिशिया सदस्य के रूप में तैनात था । मारे गये माआवादियों की पंचनामा, पीएम एवं अन्य विधिक कार्यवाही जारी है ।

राजिम कुंभ में मंच संचालन के लिए महेन्द्र पंत सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम, 17 मार्च। राजिम कुंभ कल्प में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट मंच संचालन उद्घोषक हेतु शासकीय प्राथमिक शाला धमनी के शिक्षक महेन्द्र पंत को सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद एवं जिला मिशन समन्वय के.एस. नायक के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला राजिम के सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू थे।अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने की तथा वरिष्ठ भाजपा नेता बोधन साहू, आकाश सोनी,किशोर साहू,तहसीलदार अजय चंद्रवंशी, श्याम चंद्राकर, मनोज केला विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। विधायक रोहित साहू ने राजिम कुंभ कल्प में सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट मंच संचालन उद्घोषक हेतु शिक्षक महेन्द्र पंत को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। शिक्षक महेन्द्र पंत संस्कृति विगाग एवं जिला शिक्षा विभाग के निर्देशन में विगत 9 वर्षो से राजिम कुंभ में मंच संचालन का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में भी उद्घोषक का कार्य करते हैं.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि माता-पिता के साथ शिक्षक ही है जो कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सदैव प्रयत्नशील रहता है। शिक्षक समाज राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को निष्ठा पूर्वक कार्य करने की अपील किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक टिकेंद्र यदु, प्राचार्य बिजली पूरन लाल साहू, सुभाष शर्मा, धर्मेंद्र ठाकुर, नरेश साहू, सुखेन साहू, संतोष साहू, किशोर निर्मलकर, भागचंद चतुर्वेदी, थानूराम निषाद, दिनेश्वर साहू रामनारायण मिश्रा, यशवंत साहू रेखू साहू एवं जिले के सभी विकासखंड के शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

वित्त मंत्री चौधरी ने केलो सिंचाई परियोजना को पूर्ण करने दी 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति

रायगढ़, 17 मार्च। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी ने केलो बांध परियोजना के लिए 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि का उपयोग केलो बांध के नहर निर्माण, मरम्मत एवं भू-अर्जन के प्रकरणों में किया जाएगा। इससे न सिर्फ किसानों को आर्थिक मदद मिलेगी बल्कि नहर निर्माण और मरम्मत कार्य से सैकड़ों हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का रकबा भी बढ़ेगा।

वित्त मंत्री श्री ओ.पी चौधरी ने क्षेत्र के लोगों को ये विश्वास दिलाया है की केलो परियोजना को लेकर वो काफी गंभीर हैं और इस महत्वपूर्ण परियोजना को वो जल्द ही पूर्ण करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। श्री ओ.पी चौधरी के इस प्रयास और 30 करोड़ रुपए की स्वीकृति देने के लिए स्थानीय ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है ।

व्यय अनुवीक्षण एवं मीडिया अनुवीक्षण तथा पेड न्यूज टीम को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

बीजापुर, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लोकसभा निर्वाचन 2024 को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु 15 मार्च 2024 को जिला कार्यालय बीजापुर के सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण अन्तर्गत, उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम, विडियो निगरानी टीम, विडियो अवलोकन टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम के प्रभारी अधिकारी एवं कर्मचारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण श्री दिलीप उईके, डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी तथा श्री सीके रंहगडाले जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया गया, इसके साथ मीडिया टीम का प्रशिक्षण श्री दिनेश नेताम सहायक संचालक जिला जनसंपर्क एवं नोडल अधिकारी तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री सीके रंहगडाले द्वारा दिया गया।

शासकीय अथवा अर्धशासकीय विश्राम गृह, उच्च विश्राम गृह में नहीं कर सकेंगे राजनैतिक गतिविधियां

महासमुंद। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिये कार्यक्रम जारी किये जाने के साथ ही आज 16 मार्च से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रभात मलिक द्वारा आदेश जारी किया गया है कि निर्वाचन की घोषणा होने की तिथि से निर्वाचन समाप्त की तिथि के मध्य कोई भी राजनैतिक दल के व्यक्ति, मंत्रीगण, सार्वजनिक उपक्रमों के पदाधिकारी आदि शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विश्राम गृह, उच्च विश्राम गृह आदि में चुनाव प्रचार-प्रसार अथवा राजनैतिक उद्देश्य से न तो ठहर सकेंगे और न ही वहां पर राजनैतिक गतिविधियां कर सकेंगे। पात्रतानुसार तथा उपलब्धता अनुसार उन्हें विश्राम गृह, उच्च विश्राम गृह आदि में कक्ष उपलब्ध कराया जाएगा, किंतु इस हेतु निम्न कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भोजन व्यवस्था न की जाए, ठहरने वाले व्यक्ति से निर्धारित राशि जमा कराकर विधिवत रसीद दी जाए, टेलीफोन हेतु पृथक रजिस्टर रखा जाए तथा किए गए काल की निर्धारित राशि तुरंत प्राप्त कर ली जाए, ठहरने वाले का नाम, पता, ठहरने का प्रयोजन इत्यादि का समस्त ब्यौरा अंकित किया जाए। एक रजिस्टर रखा जाए, जिनमें आगन्तुक का नाम, पता, मोबाइल नम्बर इत्यादि का समस्त ब्यौरा अंकित किया जाए। एक व्यक्ति को अधिकतम 48 घंटे के लिए ही विश्राम गृह आरक्षण किया जाएगा। कक्ष आरक्षण की दशा में तीन से अधिक वाहन विश्राम गृह में संबंधित व्यक्ति को लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन विश्राम गृह, उच्च विश्राम गृह में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रवेक्षकों को कक्ष आबंटित किए गए है, वहां किसी अन्य राजनैतिक दल के व्यक्ति को कक्ष आबंटित नहीं किया जाएगा।

जब कभी भी प्रेक्षक या निर्वाचन आयोग के पदाधिकारी उपरोक्त अभिलेखों की मांग करते हैं तो उन्हें अवलोकन हेतु अभिलेख उपलब्ध कराएं, शासकीय और अर्द्ध शासकीय विश्राम भवनों, सर्किट हाउस, गेस्ट हाउस, ऑफिसर्स मेस इत्यादि का आरक्षण अनुविभागीय मुख्यालयों में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तथा अन्य स्थानों पर तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी द्वारा किया जाएगा। कक्षों के आरक्षण में निम्नानुसार प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी। निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं उनके कार्यालय के अधिकारी तथा निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित अन्य अधिकारी यह ध्यान रखा जाये कि निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारीगण, प्रेक्षक आदि के लिये कक्ष सदैव आरक्षित रखा जाए। इसके उपरांत यदि कक्ष उपलब्ध रहते हैं, तो अन्य व्यक्तियों को उल्लेखित किए गए अनुसार आबंटित किये जा सकते हैं। यह प्रतिबंध निर्वाचन प्रक्रिया समाप्ति तक संपूर्ण महासमुंद जिले में प्रभावशील रहेगा।

हजारों रुपए के नशीले टेबलेट के साथ पुलिस ने युवक को दबोचा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पत्थलगांव ,17 मार्च। जशपुर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन पर पत्थलगांव पुलिस के नवनियुक्त एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल , थाना प्रभारी भानु प्रताप चंद्राकर द्वारा नशीले पदार्थ टैबलेट के साथ अंबेडकर नगर निवासी संदीप अग्रवाल को हजारों रुपए के टैबलेट के साथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की मामला इस प्रकार है कि पत्थलगांव थाना प्रभारी भानु प्रताप चंद्राकर ने नशीले पदार्थ के बिक्री करने की लगातार मुखबिर द्वारा सूचना मिल रही थी जिसको लेकर थानेदार द्वारा पकड़ने के लिए मुखबिर का जाल फैलाया गया था थाना प्रभारी को सूचना मिली कि अंबेडकर नगर निवासी संदीप अग्रवाल मोटरसाइकिल से नशीले टैबलेट की बिक्री करने के लिए पहुंच रहा है जिसके लिए थाना प्रभारी द्वारा बंदिया खार चौक के पास संदीप अग्रवाल के दिखाई देने पर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जहां संदीप अग्रवाल एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल में सीजी 13 एआर 2645 नंबर मोटरसाइकिल में एक थैली में नशीला टैबलेट रखा हुआ था मौके पर तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल में रखें 28 पैपर जिसमें 672 नग इस स्माजमो प्रॉक्सी वन प्रतिबंधित नशीले टैबलेट मिला पुलिस द्वारा आरोपी संदीप अग्रवाल पिता स्वर्गीय छेदीलाल अग्रवाल अंबेडकर नगर निवासी को धारा 22ध 27 ए 08 एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया नशीले पदार्थ को पकड़ने के लिए मिथिलेश यादव, आशीषन टोप्पो ,कमलेश्वर वर्मा पदुम वर्मा ,ताराचंद साइबर सेल के उपनिरीक्षक हरिशंकर, आरक्षक अनिल सिंह की विशेष सराहनीय भूमिका रही।पत्थलगांव एसडीओपी धुवेश जायसवाल ने कहा कि पत्थलगांव थाना क्षेत्र से नशे एवं अवैध काम करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जावेगी एवं आरोपी किसी भी तरह से बक्से नहीं जाएंगे।

आरोपी सहायक शिक्षक राम कुमार कश्यप को कोतबा पुलिस ने किया गिरफ्तार

पत्थलगाँव ,17 मार्च। जशपुर जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र अंतर्गत के सहायक शिक्षक रामकुमार कश्यप ने विवाहिता महिला के साथ शादी का पलोभन देकर शरीरिक सबंध बनाकर शादी से इंकार करने पर सहायक शिक्षक रामकुमार कश्यप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । जानकारी के अनुसार कोतबा क्षेत्र के रहने वाली पीड़ित महिला की शादी 08 वर्ष पुर्व दुसरे लडका के साथ हुआ था जिसके तरफ से 06 वर्ष की लडकी है। उसके पति द्वारा मारपीट करने से अपने मायके अकलतरा में रह रही थी इसी दौरान गांव के राम कुमार कश्यप महिला से मोबाईल पर बातकर शादी का प्रस्ताव रखा तुमसे हे जीवनसाथी बनाऊंगा कह कर कोतबा बुलाने पर अपने किराये के मकान पर दिनांक 07.01.2023 से 01 वर्ष तक लगातार शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध स्थापित किया एवं बाद में शादी से इन्कार कर दूसरी लडकी से शादी कर लेने कि शिकायत पर थाना अकलतरा में देहाती अप. क. 0/24 धारा 376 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर दिनांक 10.03.2024 को थाना अकलतरा से देहाती अपराध प्राप्त होने पर थाना बागबहार में असल नम्बरी अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है। विवेचना से आरोपी राम कुमार कश्यप के धारा 376 भादवि अपराध कमांक 39/2024 नाम आरोपी आरोपी राम कुमार कश्यप पिता होम प्रकाश कश्यप उम्र 33 वर्ष सा. देवकिरारी अकलतरा जिला जांजगीर चांपा सहायक शिक्षक प्रा.शाला खुटसेरा थाना तुमला जिला जशपुर छ.ग. गिरा दिनांक 15.03.2024 के विरूद्ध अपराध सदर धारा 376 भादवि, का पर्याप्त सबूत पाये जाने पर आरोपी को आज दिनांक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। प्रकरण के गंभीरता को देखते हुये विशेष टीम गठित किया गया। गठित टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया ।

मोदी है तो मुमकिन है विकसित, समृद्धशाली भारत का निर्माण:चुन्नीलाल

महासमुंद। जिला भाजपा कार्यालय में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक सांसद चुन्नीलाल साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, पूर्वराज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजय शर्मा, विधानसभा प्रभारी प्रफुल्ल विश्वकर्मा सहित मंचस्थ अतिथियों की उपस्थिति में हुई।

सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा की भाजपा के ऊर्जावान कार्यकताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी पर अगाध विश्वास रखने वाली जनता जनार्दन के जनसमर्थन से हमने प्रदेश की घोटालेबाज भूपेश सरकार को सत्ता से बेदखल कर सुशासन के लिए भाजपा की सरकार बनाने में सफलता हासिल किया है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने मोदी के नेतृत्व में दो कार्यकाल में भय, भ्रष्टाचार मुक्त, सशक्त विकसित भारत ने निर्माण में अपना ऐतहासिक योगदान दिया है। लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने छग विधानसभा के चुनावों में भाजपा की सरकार बनाने पर अपनी गारंटी पर गांव, गरीब, मजदूर, किसानों के उन्नति, प्रगति और समृद्धशाली जीवन की कामना करते हुए जो वायदे किए थे वो मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनते ही 3 महीने में ही प्राथमिकता से पूरा होते हमने देखा है। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जनता के साथ मिलकर पिछले 5 सालों में भूपेश सरकार की नाकामियों और वादाखिलाफी के विरोध में अपना संघर्ष किया है और उस संघर्ष ने ही भाजपा की सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाया है। पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने लोकसभा चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण दिशानिर्देश देते हुए कहा कि पूरे देश की जनता का जनसमर्थन और कार्यकर्ताओं का उत्साह और परिश्रम बता रहा है कि हम इस बार अबकी बार 400 पार का लक्ष्य अवश्य हासिल करेंगे। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी और मोदी की सरकार ने देश में सुशासन वाली सरकार की आधारशिला रखी है। हम सबको देश प्रदेश के विकास में अपना योगदान देते हुए भाजपा की केंद्र में 3 री बार सरकार बनाने में एकजुटता से राष्ट्रहित में समर्पित मोदी के विरोधी मानसिकता और देश की एकता को खंडित करने वाले राजनैतिक दलों से इस धर्मयुद्ध को पुर्णाहुति देने तक अपना संघर्ष जारी रखना है। विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर ने मोदी के कार्यकाल में प्रारंभ जनहित की योजनाओ का उल्लेख करते हुए कहा कि हम सभी के धर्म, संस्कृति, स्वाभिमान के प्रतीक भगवान रामचन्द्र को अयोध्या के भव्य मंदिर में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाने वाले मोदी को धन्यवाद आभार देते हुए हम तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में कोई कोर कसर नही छोड़ेंगे। चंद्राकर ने आगामी 23 मार्च को मिनि स्टेडियम में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की विस्तार से जानकारी दी। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर एवं आभार शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली ने किया।बैठक में भाजपा प्रदेश सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, सह संयोजक संदीप दीवान, भाजपा पदाधिकारी पवन वर्मा, प्रलय थिटे, मोती साहू, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष मीना वर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष पवन पटेल, मंडल अध्यक्ष श्याम साकरकर, पप्पू पटेल, धरम पटेल, ललिता अग्रवाल, स्थानीय मण्डल महामंत्री प्रकाश शर्मा, एमआर विश्वनाथन, सन्तोष चंद्राक, शशिकांत साहू, गोलू चंद्राकर, कमल कौशिक, लक्ष्मीकांत तिवारी, नामदेव साहू, देवीचन्द राठी, महेन्द्र जैन, मनीष शर्मा, गणेश नायक, लाल विजय, मुन्ना साहू, सुजाता विश्वनाथन, कौशल्या बंसल, पार्वती साहू, मुन्ना साहू, गोपाल वर्मा, अमन वर्मा, रोमी गुरुदत्ता, हिमांशु चंद्राकर, देवेंद्र चंद्राकर, राकेश चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, राहुल चंद्राकर, राकेश वास्तव, उत्तरा प्रहरे, लक्ष्मी साहू, सुरेखा कंवर, शुभ्रा शर्मा, सुखीराम, अरविंद प्रहरे, बंटी शर्मा, हुलसी चंद्राकर, मधु, प्रीति सोनी, हेमलाल, हनीश बग्गा, नईम खान, फगवा पटेल, सुनीता साहू आदि मौजूद रहे।

ओबीसी मोर्चे ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

महासमुंद। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा तथा नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात कर तुमगांव में विभिन्न विकास कार्यो की मांग रखी। साथ ही नगर पंचायत के कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराकर शीघ्र समाधान करने आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री ने सभी मांगों पर शीघ्र विचार करने व कर्मचारियों की समस्या का समाधान करने आश्वस्त किया। इस अवसर पर श्री चंद्राकर के साथ नगर पंचातय तुमगांव के कर्मचारी गण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा कर लिया आशीर्वाद

गिरौदपुरी मेला में शामिल हुए सीएम साय, प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार 17 मार्च। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज बाबा गुरु घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में आयोजित गुरुदर्शन मेला में शामिल हुए। उन्होंने गुरु गद्दी एवं जैतखाम की पूजा-अर्चना कर नमन किया और छत्तीसगढ़ वासियों की खुशहाली और तरक्की के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कुतुबमीनार से ऊंचे जैतखाम में पहुंचकर पूजा की साथ ही ऊपर से दूरबीन की सहायता से प्रकृति के नजारे का आनंद लिया। इस अवसर पर भंडारपुरीधाम गुरु गद्दीनशीन बालदास भी उपस्थित रहे।तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेले का आज अंतिम दिन है। यह मेला 14 मार्च से प्रारंभ हुआ था। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दयाल दास बघेल, पूर्व मंत्री पुन्नू लाल मोहले, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, पूर्व संसदीय सचिव सनम जागड़े, पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय, आई अमरेश मिश्रा, कलेक्टर के एल चौहान, एसपी सदानंद कुमार, सहित बड़ी संख्या में राजमहन्त, संत और श्रद्धालु गण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पहली बार पहुंचे गिरौदपुरी, हेलीपैड पर आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णु देव साय आज पहली बार महान संत, बाबा गुरु घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हेलीपैड में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया गया। हेलीपैड पर अतिथियों का पूर्व विधायक सनम जागड़े, कलेक्टर के एल चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, डीएफओ मयंक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा गुलदस्ता भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।मुख्यमंत्री साय गिरौदपुरी मेला में शामिल होने गिरौदपुरी पहुंचे थे। इस इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, दयालदास बघेल, आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, उपस्थित रहे।

तिल्दा-नेवरा में मंत्री अग्रवाल ने किया 5.50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण

मतदाता जागरूकता और वोट बढ़ाने पर इनाम की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 17 मार्च। स्वामी आत्मानंद स्कूल तिल्दा-नेवरा में शुक्रवार को लोकार्पण और शिलान्यास समारोह हुआ मुख्य अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सांसद सुनील सोनी, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष लेमिक्षा गुरु डहरिया, भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण महामंत्री अनिल अग्रवाल, भाजपा तिल्दा शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु, पार्षद वार्ड 22 देवदास टंडन मौजूद थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंत्री टंकराम वर्मा ने की। समारोह में तिल्दा वार्ड 22 में आयुष्यमान आरोग्य मंदिर हमर क्लिनिक का लोकार्पण, स्वामी आत्मानंद स्कूल नेवरा में प्रार्थना शेड का शिलान्यास, हाई स्कूल ससाहोली में प्रार्थना शेड का शिलान्यास, बीएनबी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना शेड का शिलान्यास किया गया। वहीं ग्राम कोटा में 247 लाख से 33 किलो वाट के बिजली उपकेंद्र का लोकार्पण किया। उप पंजीयक भवन तिल्दा का लोकार्पण किया। भींभौरी स्कूल के लिए 25 लाख और आगामी बजट में डीएड, बीएड कॉलेज खोलने के लिए प्रावधान करने की बात कही है। औद्योगिक संस्थान तिल्दा में 50 सीटर बालक छात्रावास का लोकार्पण किया। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार की सोच है कि सभी वर्ग का जीवन स्तर ऊंचा हो सभी का जीवन सुखमय हो। आप सभी ने राज्य में सबसे ज्यादा वोट से जिताया, अब आप सभी से निवेदन है कि पूरे देश में सबसे ज्यादा वोट से जिताएं। सांसद सुनील सोनी ने कहा कि मुझे तो पूरा लोकसभा क्षेत्र समझने में समय लगा, लेकिन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एक - एक गांव 30-35 साल से घूमे है, जिनका पूरा फायदा विकास कार्यों के रूप में मिलेगा। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा रायपुर लोकसभा से मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को भाजपा ने टिकट दी है। हर बार की तरह लोकसभा चुनाव में भी बृजमोहन अग्रवाल की बड़ी जीत का इतिहास रचना है।

मतदाता जागरूकता और वोट बढ़ाने पर इनाम की घोषणा: भाजपा कार्यालय में बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस बूथ में 90 प्रतिशत से अधिक वोट पड़ेंगे, उन्हें 1 लाख और 80 प्रतिशत से अधिक वोट पर 50 हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा।

आचार्य विद्यासागर के नाम पर होगा सासाहोली स्कूल का नाम

कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा के लोगों न के अनुरोध को स्वीकार करते हुए मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि कुछ महीने पूर्व आचार्य विद्या सागर का आशीर्वाद हम सभी को प्राप्त हुआ है। खासकर तिल्दा नेवरा में आचार्यजी एक हफ्ते से अधिक समय तक रुके थे। मंत्री ने घोषणा की कि उनके नाम पर सासाहोली स्कूल का नाम आचार्य विद्या सागर होगा। लोकार्पण समारोह में नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष विकास सुखवानी, राम पंजवानी, डोगेन्द्र नायक, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भागवली साहू, सौरभ जैन, गौरव अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, डाक्टर खुमान वर्मा, सतीश निषाद, एसडीएम प्रकाश टंडन, तहसीलदार ज्योति मसियारे, भाजपा के कार्यकर्ता, पार्षदगण, तथा स्कूल के छात्र छात्राये शिक्षक गण, अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

अवैध रेत उत्खनन पर प्रभारी ज्योति सिंह ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 17 मार्च। अनुविभागीय अधिकारी द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन एवं संग्रहण पर नियंत्रण के लिए नायब तहसीलदार ज्योति सिंह को अनुविभाग कुरूद के लिए गौण खनिज प्रभारी नियुक्त किया है। नायब तहसीलदार ज्योति सिंह ने टीम के साथ दबिश देकर अवैध रूप से संग्रहित रेत और परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को जप्त किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मेघा में अवैध रेत परिवहन एवं भंडारण पर गौण खनिज प्रभारी ज्योति सिंह के द्वारा कार्यवाही की गई।जिसमे 30 हाइवा अवैध रूप से संग्रहित रेत 2 हाइवा वाहन और 1 जेसीबी जब्ती बनाया गया है। अरौद में अवैध परिवहन करते कार्यवाही की गई है।जिसमे 20 हाइवा अवैध संग्रहित रेत परिवहन में प्रयुक्त 1 हाइवा वाहन और 1 जेसीबी 1 ट्रैक्टर जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।इस कार्यवाही में गौण खनिज प्रभारी ज्योति सिंह, गणेश, धर्मेंद्र, नागेश, भूषण, ढाल कोटवार का योगदान रहा।

अवैध उत्खनन एवं परिवहन 12 प्रकरणों पर लगाया गया 4 लाख से अधिक का जुर्माना

बलौदाबाजार, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राज्य शासन के निर्देश पर जिले में अवैध खनिज परिवहन के मामलों में तेज़ी से कार्रवाई की जा रही है। अवैध रेत मुरूम खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। जिसके तहत 7 दिनों में 12 प्रकरणों पर 4 लाख 15 हजार रूपये से अधिक का लगाया गया जुर्माना लगाया गया है। जिसमें चूना पत्थर के 2, रेत के 7 एवं मुरूम के 3 प्रकरण शामिल है। उक्त प्रकरणों के निराकरण से कुल रु.4 लाख 15 हजार अर्थदंड राशि की वसूली की जाएगी जो शासन के राजस्व में जमा होगा। यह सभी कार्रवाई छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवं एमएमडीआर एक्ट 1957 की धारा 21 से 23 के अंतर्गत किया गया है। इन वाहन मालिकों पर नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। उक्त जानकारी जिला खनिज अधिकारी के के बंजारे ने दी है।

समाचार संक्षेप

हाऊसिंग बोर्ड कालोनी कोहका के रहवासियों ने बिजली पानी व सफाई के लिए किया प्रदर्शन

तिल्दा-नेवरा, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पानी, बिजली, सड़क, नाली सहित विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे कोहका हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोगों ने आज हाउसिंग बोर्ड कार्यालय का घेराव कर दिया। लंबे समय से क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड के मकान में रह रहे लोग समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां पानी, बिजली, सफाई, ड्रेनेज जैसी समस्या है। कई बार अपनी समस्याओं को लेकर कालोनी के लोगों ने हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निदान की मांग की, लेकिन हाउसिंग बोर्ड के द्वारा उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, जिसे देखते हुए कालोनी के लोगों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। समस्याओं का हल नहीं होने पर आज हाउसिंग बोर्ड कालोनी के लोगों ने बड़ी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे प्रदर्शन किया है यहां के निवासियों ने कहा कि कालोनी के सभी मकानों में पीने तक के लिए पानी नहीं है, नालियों में गंदगी भरा है, गलियों की लाइटें महीनों से बंद है, वहीं उन्होंने कालोनी को पूर्ण विकसित नहीं किए जाने का आरोप भी हाउसिंग बोर्ड के अधिकारियों पर लगाया।

कलेक्टर की मानवीय पहल, बिन माता-पिता के बच्ची की पढ़ाई के लिए छात्रावास में भर्ती के दिए निर्देश

बलौदाबाजार, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पंचायत कसडोल के इंदिरा कालोनी वार्ड क्रमांक 2 में की निवासी लक्ष्मींन धीवर अपने 7 साल की नतनीन बच्ची तुलसी को कलेक्टर के एल चौहान के पास लेकर आई थी। कलेक्टर के पास बच्ची की दादी ने परिवार की सम्पूर्ण समस्या से अवगत कराया कि बच्ची की माता पिता 7 साल पहले ही स्वर्गवास हो गया है। जिसका पालन पोषण का दायित्व वह स्वयं निर्वहन किये जाने की बात बताते हुए बच्ची का एडमिशन सरकारी खर्चे से आदिवासी छात्रावास कसडोल में कराए जाने की फरियाद की। बच्ची की दादी ने यह बात भी कहा कि वह बहुत गरीब है जिसके चलते उनकी नतनीन का सही देखभाल एवं शिक्षा दिशा बेहतर हो पाना सम्भव नहीं है, रोजी मजदूरी से घर का खर्च जैसे तैसे चलता हैं। बेहद गंभीर समस्या, दादी एवं बच्ची की संपूर्ण पीड़ा को समझते हुए कलेक्टर चौहान ने मानवीय मूल्यों एवं संवेदनशील का परिचय देते हुए आदिवासी विभाग के अधिकारी को बुलाकर 7 साल की बच्ची तुलसी धीवर पिता स्वर्गीय उद्र कुमार का दाखिला कसडोल स्थित आदिवासी छात्रावास में किये जाने का निर्देश दिए है।कलेक्टर के पहल पर बच्ची के दादी लक्ष्मींन धीवर भावुक होकर धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए कलेक्टर के सरल एवं सहज भाव की खुले मन से प्रशंसा की है।

शादी का झांसा देकर भगाकर बलात्कार करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में महिला संबंधी अपराधों की त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र. 222/2021 धारा 363, 366, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल भेजा गया। आरोपी का नाम भोजराम ऊर्फ टिगडी फेकर पिता दिलीप कुमार फेकर उम्र 23 साल साकिन लटुवा थाना सिटी कोतवाली है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि 30 मार्च को पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी द्वारा शादी कर पत्नि बनाकर साथ रखने का प्रलोभन देकर अपने साथ ले गया और भिलाई ले जाकर मंदिर में शादी कर साथ में रखे रहा और कई बार शारीरिक संबंध बनाने से पीड़िता गर्भवती हो गयी एवं एक पुत्री को जन्म दी हैं। प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि. 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गयी। प्रकरण की विवेचना में आरोपी भोजराम उर्फ टिगड़ी फेकर के द्वारा अपराध धारा का अपराध घटित करना पाये जाने से आज दिनांक 14.03.2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में उनि. एल.आर.राजपुत, प्रआर बृजपाल कंवर, म.प्र आर. गंगोत्री ध्रुव, मआर अंजुला पैकरा एवं पेट्रोलिंग पार्टी का विशेष योगदान रहा।

थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 22 तक ऑनलाइन आवेदन

बलौदाबाजार, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के मुताबिक अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है जो भारतीय सेना की वेबसाइट=डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट ज्वॉइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन www.joinindian-army.nic.in पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से 22 मार्च 2024 तक खुली रहेगी। जिसमें अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, स्टोर कीपर, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वी कक्षा उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्मगुरु, नर्सिंग सहयोगी, नर्सिंग असिस्टेंट वेट, सिपाही फार्मा और हवलदार एस.ए.सी के पदों के लिए जारी की गई है। अग्निवीर भर्ती दो चरणों में की जायेगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा (ऑनलाइन सी ई ई) और द्वितीय चरण में भर्ती रैली एवं चिकित्सा परीक्षण होगी। अग्निवीर भर्ती हेतु दसवीं या बारहवीं की कक्षा उत्तीर्ण की है और उम्मीदवार जो कक्षा दसवीं या बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उपस्थित हुए है और परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहें हैं वे उम्मीदवार भी आवेदन करने को पात्र हैं। इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार के दूरभाष नम्बर 07727299443 एवं व्हाट्सएप नम्बर 9009962186, 9827168832 पर संपर्क करें।

एक नजर

आपदा पीड़ित 4 परिवारों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 17 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर के एल चौहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 14 मार्च 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में संतोष सोनवानी पिता भुवनलाल सोनवानी, निवासी ग्राम अमेरा, तहसील पलारी, सोनू बंजारे पिता बिजेन्द्र बंजारे, निवासी ग्राम खैरताल, तहसील बलौदाबाजार, मालती बाई पति स्व. रोहित, निवासी ग्राम बलौदी, तहसील पलारी एवं चैनसिंह वर्मा पिता पूनाराम वर्मा, निवासी ग्राम धोबनीडीह, तहसील सुहेला भाटापारा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के गड्ढा, नदी, नाला के पानी में डुबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

अहाता एवं प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 1 करोड़ 25 लाख रुपये स्वीकृत

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने जिले के बलौदाबाजार एवं सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न हायर सेकेण्डरी, हाई स्कूल तथा स्कूल में अहाता निर्माण एवं प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 1 करोड़ 25 लाख रूपये राशि स्वीकृत प्रदान की है। जिसमें बलौदाबाजार विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम रिसदा, खजुरी, अर्जुनी एवं संकरी के हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 15-15 लाख रूपये राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी तरह सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम भालेसुर स्कूल में अहाता निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, ग्राम नेवारी हाई स्कूल में अहाता निर्माण हेतु 10 लाख रूपये एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 15 लाख रूपये, ग्राम रावन एवं जांगड़ा के हायर सेकेण्डरी स्कूल में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 15-15 लाख रूपये राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्य के लिए निर्माण एजेंसी आरईएस को बनाया गया है।

आपदा पीड़ित 3 परिवारों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

बलौदाबाजार, 16 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर के एल चौहान ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 11 एवं 12 मार्च 2024 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में अंजू कैवर्त्य पति स्व. रतिराम कैवर्त्य, निवासी ग्राम पिकरी तहसील कसडोल, देवचरण कर्ष पिता धनीराम कर्ष, निवासी ग्राम मोतीपुर तहसील कसडोल एवं कमलेश्वर वर्मा पिता स्व.पुनितराम वर्मा, निवासी ग्राम मिरगी, तहसील भाटापारा शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश से मृत्यु एवं आंधी तूफान से विद्युत तार के टुटने से करंट लगने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

निधन

मालती जैन

सिमगा, 17 मार्च। जैन समाज की प्रतिष्ठित सदस्य मालती जैन का निधन 17 मार्च को सुबह 11 बजे हो गया। जिनका अंतिम संस्कार शाम 4 बजे सिमगा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे संजय जैन, जिनेन्द्र जैन, सचिन जैन व शांति जैन की माता थीं।

■ मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कारः डीईओ ने शिक्षकों को श्रीफल, शॉल, गुलदस्ता, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह किया प्रदान

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दल्लीराजहरा, 17 मार्च। प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को यह पुरस्कार प्रदान की जाती है प्राथमिक शाला कुआंगोंदी के बहुआयामी प्रतिभा के धनी एवं नारी शक्ति मंजुलता श्रवण सहायक शिक्षिका को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुनीत सेन जनपद अध्यक्ष, जेएस भारद्वाज विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथियों के कर कमरों द्वारा श्रीफल, शॉल, गुलदस्ता, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान पत्र एवं आकर्षक प्रतीक चिन्ह के साथ 5000 रुपये का चेक प्रदान की गई।

यह पाठशाला बालोद जिला के आदिवासी विकासखंड डौंडी के वनांचल ग्राम प्राथमिक शाला कुआंगोदी के शिक्षिका मंजूलता श्रवण को 2023 के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान समारोह जनपद पंचायत डौडी सभागार के में नवाजे गए।

यह अंलकरण शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा एवं उनकी उल्लेखनीय योगदान हेतु उन्हें प्रदान की गई। मंजुलता श्रवण स्कूली बच्चों को अनवरत शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से अध्ययन अध्यापन कार्य नवाचार द्वारा सृजित करते रहते हैं इनके शैक्षिक व सह-शैक्षिक क्रियाकलापों से बच्चे उत्साहित वातावरण भाव से अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभाओं को उकेरते एवं आभाएं बिखरते रहते हैं..नित नये आयाम लेकर बच्चों में ऊर्जा भरने, मनोबल बढ़ाने का कार्य सदैव करते रहते हैं इनके सतत एवं अनवरत प्रयास से बच्चे आदर्श एकलव्य विद्यालय, नवोदय विद्यालय में चयनित हुए हैं। शाला में बच्चों को कबाड़ से जुगाड़, कविता व कहानी लेखन कार्य एवं विभिन्न शिक्षण सहायक शिक्षक सामग्री के माध्यम से बच्चों के प्रतिभाओं को संवारने में नित नए आयामों के साथ बच्चों के भविष्य को गढ़ने में और साथ ही खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो कामयाबी दिखाई है सचमुच अनुकरणीय पहल है। मंजुलता श्रवण ने मास्टर ट्रेनर का भी बखूबी से विकासखंड के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने में सफलीभूत हुए हैं। अंगना म शिक्षा, एफएलएन, महिला उन्मुखीकरण, निष्ठा प्रशिक्षण राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान परिषद रायपुर से प्रशिक्षण लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षित करने में सफल रहे है। कोरोनाकाल के दौरान भी निः शुल्क नोज मास्क, सेनेटाइजर, टाई बेल्ट, हरेक छात्र छात्राओं के जन्मदिवस पर कापी पेन वितरण किया गया। कोरोनाकाल में आनलाइन एवं आफ्लाइन क्लास के अंतर्गत गली मोहल्ला क्लास लगाकर बच्चों के मनोबल बढ़ाने में कामयाबी दिखाई है। संज्ञानात्मक एवं सह-संज्ञानात्मक क्षेत्र में अग्रणी कार्य रहा है। शासन की विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने में अपने अथक प्रयास एवं मेहनत से जो योगदान दिए हैं वह अतुलनीय रहा है।

शैक्षिक कार्यकाल में उन्हें विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से सम्मान प्राप्त हो चुके हैं सम्मान के श्रेणी में अंबिकापुर द्वारा छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान, धमतरी जिला द्वारा संत भक्त कर्मा माता समता अवार्ड, बालोद से अक्षर प्रेरणा सम्मान, नारी शक्ति अलंकरण सम्मान, दुर्ग से नारी शक्ति प्रतिभा सम्मान, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्था द्वारा शिक्षाविद् सम्मान, महिला उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्मान, अंगना म शिक्षा एक नई पहल सम्मान, शिक्षक सृजन गौरव अलंकरण सम्मान, शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ दुर्ग द्वारा शिक्षक प्रतिभा रत्न सम्मान आदि एवं शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित करने में सफलता हासिल करने पर सम्मान व प्रशस्ति पत्र से नवाजे गए हैं। विकासखंड के तीन महान नारी शक्तियों को मंजुलता श्रवण के साथ रंजना साहू प्राथमिक शाला कुसुमकसा एवं भुनेश्वरी साहू खम्हारटोला को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से नवाजे गए..। उत्कृष्ट शैक्षिक सेवा के ऐसे स्वर्णिम उपलब्धि पर विकासखंड खंड स्त्रोत समन्वयक सच्चिदानंद शर्मा, प्रधान पाठक लेखिन साहू, संकुल समन्वयक वेदप्रकाश यदु एवं सरपंच ग्राम पंचायत कुआंगोदी, शाला विकास समिति एवं संकुल के सभी शिक्षकों ने इनके उपलब्धि पर प्रफुल्लित होकर शुभकामनाएं दी।

एक नजर

लर्निंग प्रोग्राम ने छग में 1.3 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स की जिंदगी बदली

रायपुर, 17 मार्च। एक देश के रूप में, हमने शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें ग्रामीण भारत भी शामिल है। शिक्षा किसी भी समाज में प्रगति का प्रमुख अभिप्रेरक है और इस उद्देश्य को साझा करने वाले एक ब्रांड के रूप में, निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला ने शिक्षा कौशल को योगदान करने के एक तरीके के रूप में पहचाना है। ब्रांड ने एक गैर-लाभकारी संगठन लीपफॉरवर्ड के साथ साझेदारी की है और एक अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रोग्राम निहार शांति पादशाना फनवाला को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम में शिक्षकों को उनकी मातृभाषा में शिक्षित करने के लिये फोनेटिक्स का इस्तेमाल किया जाता है, ताकि उन्हें आसानी से अंग्रेजी पढ़ाने में सक्षम बनाया जा सके। यह प्रोग्राम व्हाट्सएप्प और यूट्यूब पर उपलब्ध है, ताकि भारत के विभिन्न प्रांतों में इसकी पहुंच को बढ़ाया जा सके और अंग्रेजी भाषा को सभी के लिये सुलभ बनाया जा सके। शिक्षा के माध्यम से प्रगति को बढ़ावा देने के ब्रांड के उद्देश्य के बारे में बताते हुये, सोमाश्री बोस अवस्थी, चीफमार्केटिंग ऑफिसर, मैरिको लिमिटेड ने कहा, 'निहार नैचुरल्स शांति बादाम आंवला हेयर ऑयल ने ब्रांड के उद्देश्य को पहचानने वाले ग्राहकों के साथ जो जुड़ाव बनाया है, उस पर हमें बहुत गर्व है। वर्ष 2019 में, निहार शांति पादशाना फनवाला की शुरूआत ग्रामीण क्षेत्रों में स्टूडेंटस के बीच पढ़ने एवं समझने की काबिलियित को विकसित करने के प्रारंभिक उद्देश्य के साथ की गई थी।

घर से मोबाइल व जेवर पार

रायपुर, 17 मार्च। झंडा चौक बोरियाखुर्द टिकरापारा स्थित मकान से अज्ञात चोर ने मोबाइल व सोने के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्यनारायण पांडे 38 वर्ष झंडा चौक बोरियाखुर्द का रहने वाला है। बताया जाता है कि बीती रात अज्ञात चोर ने छत के रास्ते से प्रार्थी के घर में प्रवेश किया और सेमसंग कंपनी का मोबाइल व सोने के जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

मंदिर के पास खड़ी एक्टिवा की चोरी

रायपुर, 17 मार्च। गौरी शंकर मंदिर के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित महानंद 48 वर्ष उत्कलनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एमसी 1985 को गौरीशंकर मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

चौराहों पर एंबुलेंस पहुंचते ही सिग्नल हरे हो जाएंगे

रायपुर, 17 मार्च। राजधानी रायपुर के चौक-चौराहों पर अब एंबुलेंस पहुंचते ही सिग्नल ग्रीन हो जाएंगे। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नगर निगम और यातायात पुलिस के साथ मिलकर पहल की है। इस एंबुलेंस ग्रीन कॉरिडोर सर्विस की रायपुर में शुरुआत हो गई है। इस तकनीक के बाद अब कम से कम समय में मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जा सकेगा। इस प्रोजेक्ट के संबंध में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अविनाश मिश्रा के अनुसार मरीजों को जल्द अस्पताल पहुंचाने के लिए ये ऑटोमैटिक सिस्टम शुरू किया गया है। जीपीएस से लैस 108 एम्बुलेंस से मैसेज मिलते ही ये सिस्टम एक्टिव हो जाएगा। इससे एंबुलेंस कम समय में अस्पताल तक पहुंच पाएंगे।

एसयूसीआई 151 लोस सीटों पर लड़ेगी

रायपुर, 17 मार्च। एस.यू.सी.आई. कम्युनिस्ट द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 में 19 राज्यों एवं तीन केंद्र शासित प्रदेशों को मिलाकर कुल 151 लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में पार्टी एक सीट पर लड़ रही है। यहां रायपुर लोकसभा सीट से पार्टी राज्य सचिव, मजदूर किसान नेता व समाजसेवी कॉमरेड विश्वजीत हारोड़े को उम्मीदवार बनाया गया है। हमारी पार्टी लगातार बढ़ती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, मजदूरों, किसानों की समस्याओं के मूद्दों पर लगातार आम जनता को सचेत व संगठित करने एवं आंदोलन के जरिए आम जनता को कुछ हद तक राहत दिलाने का काम करती है। चाहे भाजपा की सरकार हो या कांग्रेस की, ये सिर्फपूंजीपतियों के हित में ही नीतियां लागू कर रही हैं। पूंजीपति वर्ग लाखों करोड़ों रुपए मुनाफा कमा रहे हैं। दोनों पार्टियों की जन विरोधी नीतियों में कोई अंतर नहीं है। पहले की कांग्रेस सरकार ने निजीकरण को आगे बढ़ाया जिसे वर्तमान भाजपा सरकार आंसू तेजी से लागू कर रही है। सभी सरकारी कंपनियों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है।

लोस प्रत्याशी उपाध्याय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में होंगे शामिल

रायपुर, 17 मार्च। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशियों की तैयारियां जारी है। अलग-अलग विधानसभा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक हो रही है। बैठक में कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक कार्यों को लेकर चर्चा की जा रही है। रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय आज बलौदाबाजार, तिल्दा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक लेंगे। इस दौरान तिल्दा में शाम 6 बजे उपाध्याय मशाल रैली निकालेंगे।छोर

देखकर फसल अंधेरों की, हैरत कैसी... तुमने अपने खेतों में, उजाले ही कहाँ बोये थे...

ठीक है, सीएए से विदेशी नागरिकों को नागरिकता दे दी जाएगी , पर ये कोई नहीं बता रहा है कि पिछले 10 सालों में कितने भारतीयों ने नागरिकता छोड़ी? लोक सभा चुनाव की घोषणा के पहले केंद्र द्वारा नागरिकता कानून संशोधन को लागू करना, टाइमिंग को लेकर भी चौंका रहा है! कानून में बहुत से झोल हैं.. ! निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट में इसे चुनौती दी जाएगीज!भारत का संविधान ही धार्मिक मान्यताओं के आधार पर है वह ऐसे कानून को मान्यता नहीं देता है क्योंकि भारत के संविधान की प्रस्तावना में सांप्रदायिक सद्भावना, धार्मिक एकता का जिक्र है, घोषित नागरिकता संशोधन धार्मिक आधार पर परि भाषित होता है।नये सीएए में स्पष्ट है।तीन पड़ोसी देश अफगानिस्तान, बांग्लादेश पाकिस्तान से धार्मिक रूप से उत्पीड़ित हिंदू, जैन, बौद्ध, पारसी, ईसाई, सिख ही अब नागरिकता के अधिकारी होंगे। जो 31 दिसंबर14 के पूर्व भारत की नागरिकता के लिये आवेदन कियाहोगा कानून में नागरिकता वापस लेने का प्रावधान तो नहीं है, पड़ोसी देश बर्मा, श्रीलंका के हिंदू, तमिल सिंहली की नागरिकता के बारे में जिक्र नहीं है.. !रणनीतिकारो को लगता है, देश सांप्रदायिक पिच पर खेलने लग जाएगा क्योंकि कानून में मुस्लिमों का कोई जिक्र नहीं है, उन्हें उत्तेजित कर वातावरण सांप्रदायिक बनाने की कोशिश जाएगी? चुनाव के पहले और रमजान माह में ही ध्रुवीकरण की कोशिश घोषणा का आधार लगती है.! वैसे तो उत्तर पूर्व में भाजपा को तीखी प्रति क्रिया का सामना करना पड़ेगा, बांग्लादेश से आये शरणार्थी हिंदू भी हैं और मुस्लिम भी हैं।देखना है कि ध्रुवीकरण की सोच कहां तक पहुंचती है?

चुनावी बाँड में किस पार्टी को कितनी रकम...?

एसबीआई की जानकारी के बाद चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक कर दी है।आयोग के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों से भारतीय स्टेट बैंक ने 12

मार्च 24 को चुनावआयोग को बांड से संबंधित डेटा मुहैया करा दिया था, बाद में चुनावआयोग की वेबसाइट पर डेटा अपलोड कर दिया गया अभी तक इन चुनावी बांड से भाजपा को ही 6060 करोड़, कांग्रेस को 1421.9 करोड़, टीएमसी को 1609 करोड़, बीआरएस 1214.7 करोड़ और आप को 65.5 करोड़ मिले हैं।

कांग्रेस में 'करो या मरो' की स्थिति है इस बार...?

2024 का चुनाव कांग्रेस के लिए 'करो या मरो' वाली स्थिति का है, यही वजह है कि कांग्रेस हर समझौता कर रही है, किसी भी तरह गुंजाइश नहीं छोड़नाचाहती है, क्योंकि यदि 50 सीटों के इर्द-गिर्द सिमट गये तो फिर वापसी मुश्किल हो जाएगी, कुछ राज्यों में मिली चुनावी मात, बदलती सियासी परि स्थितियों में दिग्गजों को चुनावी मैदान में उतारना जरुरी भी है, इनके उतरने से जीत की संभावना तो बनती दिखती है?कांग्रेस की सूची में छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल, पूर्व सीडब्लूसी मेंबर ताम्रध्वज साहू जैसे नेताओं टिकट देकर संदेश दे दिया है कि दिग्गजों को चुनावी रणभूमि में उतरना ही होगा, राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे, शशि थरूर तिरुवनंत पुरम, वेणुगोपाल अलापुझा से लड़ेंगे, भूपेश बघेल राजनांदगांव, ताम्र ध्वज साहू महासमुंद से तो ज्योत्सना महंत कोरबा, डीके सुरेश बेंगलुरु से, छिंदवाडा से नकुलनाथ, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक के बेटे वैभव गह लोत जालौर सिरोही से मैदान में है। 24 के लोक सभा चुनाव की लड़ाई केवल चुनावी नहीं बल्कि अपने सियासी वजूद को बचाये रखने की भी है..? कांग्रेस के लिए जरूरी है पूरे दमखम के साथ पीएम मोदी की भाजपा से मुकाबला करती दिखनी चाहिये।

छत्तीसगढ़ की नौकरशाही में अभी कौन-कौन है भारी...?

नया छग राज्य बनने के बाद नौकरशाह अजीत जोगी पहले सीएम बने थे। उनके कार्यकाल में किसी नौकरशाह की नहीं चलती थी..? जोगी कलेक्टरी से प्रदेश को चलाते रहे, उनके सलाहकार के रूप में आईपीएस डॉ आरएसएस यादव की थोड़ा बहुत चलती थी? जोगी के बाद 15 साल तक भाजपा की सरकार बनी, डॉ रमनसिंह ही सीएम रहे, उस समय अमनसिंह और विक्रम सिसोदिया की ही चलती थी आलम तो यह था कि नौकर शाही पर तो इनका नियंत्रण था ही, साथ ही भाजपा नेता भी सीएम, मंत्री से काम कर वाने इन्हीं का सहारा लेते थे। डॉ रमनसिंह सरकार के बाद कांग्रेस की सरकारबनी भूपेश बघेल सीएम बने, तो उनके सचिवालय में पदस्थ सौम्या चौरसिया की एक तरफ़ चलीजबादला, पद स्थापना का निर्णय इनकी इच्छा पर निर्भर होता था? सौम्या के ईडी जाँच, जेल जाने के बाद प्रमोटी अनिल टुटेजा की फूल चलना शुरू हो गई थी। नान, आयकर, ईडी जाँच के बाद ही इनकी चलना कम हुई थी।साथ ही आईपीएस दीपांशु काबरा, आरिफशेख और डॉ आनंद छाबड़ा की भी ठीक-ठाक चलती थी। करीब 3 माह पूर्व ही छग में भाजपा की सरकार बनी और विष्णु देव साय सीएम बने हैं। वैसे तो दोनों डिप्टी सीएम, वित्तमंत्री सहित वरिष्ठमंत्री बृजमोहन अग्रवाल की चल रही है, पर यदि नौकरशाही की बात करें, आईएएस पी.दयानन्द आईपीएस अमितकुमार, राहुल भगत, मयंक श्रीवास्तव और अमरेश मिश्रा की ही ज्यादा चल रही है। ये लोग सरकार ने आँख, नाक और

कान बने हुए हैं। इस सरकार में सीएम हॉउस, जशपुर केम्प के कुछ लोगों की भी ठीक चल रही है। लोस चुनाव के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि किसकी अधिक चलती है?

और अब बस...

- रायपुर रेंज के आईजी अमरेश मिश्रा को ईओडब्लू एसीबी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।
- छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग में मुख्य आयुक्त और सूचना आयुक्त के लिये 115 आवेदन जमा हुए हैं?
- 79 एएसपी तबादला आदेश के बाद शासन ने हाईकोर्ट में कैवियट लगा दी है।
- लोकसभा चुनाव के पहले 43 भाजपा नेताओं की सुरक्षा बढ़ाई है।उनमें दंतेवाड़ा के सबसे ज्यादा 17 नेता शामिल हैं।

सोमवार शाम तक जारी हो सकती है कांग्रेस प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट

हमारे 6 प्रत्याशियों के नाम देखकर ही बौखला गई है भाजपा : बैज

रायपुर, 17 मार्च। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने 5 सीटों पर प्रत्याशी के चयन को लेकर कहा. अभी सभी वरिष्ठ नेता भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हो रहे हैं. कल सीईसी की महत्वपूर्ण बैठक होने वाली है. छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों पर फिर से चर्चा होगी. कल शाम तक लिस्ट जारी हो सकती है. कांग्रेस की अभी तक दूसरी सूची जारी नहीं होने पर भाजपा के डर होने वाले तंज पर प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा हमारे 6 प्रत्याशियों के नाम देखकर ही बौखला गई है, इसलिए व्यक्तिगत हमले पर पहुंच गई है. उनके पास कोई मुद्दा नहीं है. मुद्दे पर बात नहीं करते, तो इससे आप समझ सकते हैं कि भाजपा किस तरह डरी हुई है. आने वाले समय में हमारे जो पांच प्रत्याशियों के नाम घोषित होने वाले हैं, वह भी बेहतर और जबरदस्त रहेंगे.

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पीसीसी चीफने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को शुभकामनाएं देता हूं. लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल बज चुका है. आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में चुनाव होना है. लोकतंत्र के इस महापर्व में इस समय नए बदलाव के साथ देश में नई सरकार बनेगी. किसान, युवा, महिलाओं में नई क्रांति आएगी।

लोकसभा के चुनाव के पहले बागी नेताओं पर कांग्रेस के नरम नजर आने के सवाल पर पीसीसी चीफ ने कहा कि अनुशासन के खिलाफ यदि कोई जाता है, तो पार्टी उन पर कार्यवाही करती है. यदि कोई पश्चाताप कर लेता है, और चुनाव को देखते हुए पार्टी उनका उपयोग करेगी. साथ ही यदि कई बचें होंगे तो उन्हें भी मौका देगी। मुंबई दौरे को लेकर कहा कि मणिपुर से राहुल गांधी की भारत छोड़ो यात्रा की शुरुआत हुई थी, आज मुंबई में इसका समापन हो रहा है. 6000 से अधिक किलोमीटर की इस यात्रा के दौरान मोदी सरकार की नाकामी को लेकर जन-जन के बीच हम पहुंचे हैं, जिसका असर लोकसभा के चुनाव में पड़ता हुआ नजर आएगा. देश के बदलाव में भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नगाड़ा

यानी होली करीब है...

चुनावी समर में उतरे मंत्री बृजमोहन ने कहा- मैं सदैव चुनाव ऐसे लड़ता हूं जैसे पहली दफा

रायपुर, 17 मार्च। लोकसभा चुनाव के महासंग्राम में लोकसभा प्रत्याशियों और उनके दलों ने अपनी रणनीति

बनाकर काम शुरू कर दिया है जनसंपर्क, विभिन्न प्रचार माध्यमों का दौर और कार्यकर्ता सम्मेलन जैसे विभिन्न आयोजन और कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं भारतीय जनता पार्टी ने इस बार रायपुर लोकसभा से भाजपा के अजेय योद्धा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को चुनावी समर में उतारा है बृजमोहन अपने हर चुनावी मंच से कहते आए हैं की मैं सदैव चुनाव ऐसे लड़ता हूं जैसे पहली दफा लड़ रहा हूं और अपनी ऊर्जा के स्तर को बनाएं रखने का प्रयास करता हूं ताकि कोई ऐसा क्षेत्र ना हो जहां हमर ध्यान नहीं गया। रायपुर लोकसभा के प्रभारी अशोक बजाज ने लोकसभा चुनाव संबंधी विवरण देते हुए बताया की शनिवार 16 मार्च को रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल का सहित प्रदेश भाजपा के अन्य नेताओं का दौरा शनिवार को दोपहर अभनपुर विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया है।

सराफा एसोसिएशन पदाधिकारीगण उप मुख्यमंत्री से मिले

रायपुर, 17 मार्च। लोक सभा चुनाव की घोषणा को देखते हुए छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन एवं रायपुर सराफा एसोसिएशन का एक संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने छत्तीसगढ़ राज्य के उप मुख्यमंत्री, माननीय विजय शर्मा जी से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव के दौरान सराफा व्यापरियों को व्यापार के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत कराया। छत्तीसगढ़ सराफा के महामंत्री नरेंद्र दुग्गड एवं रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव के समय हुई परेशानी को ध्यान में रखते हुए प्रतिनिधि मंडल उप मुख्यमंत्री(गृह मंत्री) विजय शर्मा से मिला।

गृह मंत्री ने सराफा व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और समस्या की गंभीरता से समझते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से समाधान निकालने को कहा। व्यापारियों से आवश्यक कागजात एवं परिचय पत्र साथ मे रखने की भी हिदायत दी। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी यथासम्भव सहयोग का आश्वासन दिया, उनका ये भी कहना था कि आचार संहिता लागू होने के पश्चात चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार ही हमे कार्यवाही करनी होती है। प्रतिनिधि मंडल मे सराफा के संरक्षक राजेंद्र शर्मा, चेंबर कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, सराफा एसोसिएशन के सचिव दीपचंद कोटड़िया छत्तीसगढ़ केट के सह सचिव भरत जैन, सराफा एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष जीतेन्द्र गोलछा, उपाध्यक्ष हरीश डागा, सह सचिव दिलीप टाटिया, प्रवीण मालू, अभय कोठारी, आदि सदस्य गण उपस्थित थे। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारी की पहचान पश्चात सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी जब्त न हों, का निवेदन कर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई। उप मुख्यमंत्री के सहयोगात्मक व्यावहार से प्रतिनिधि मंडल प्रभावित हुआ।

युवक से मारपीट

रायपुर, 17 मार्च। कॉलेज चौक आरंग में एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर टंगिया के बेत से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी ईश्वर धीवर 20 वर्ष कॉलेज चौक आरंग का रहने वाला है। बबताया जाता है कि आरोपी ढेल पनिका प्रार्थी की मां के साथ विवाद कर रहा था। जिससे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपी ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर टंगिया के बेत से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नेताओं ने गलती स्वीकार करते हुए मांगी है क्षमा

कांग्रेस के बागी नेताओं की घर वापसी पर महंत का बयान

रायपुर, 17 मार्च। बागी नेताओं की कांग्रेस में वापसी पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि बृहस्पति सिंह के अलावा और भी अन्य नेताओं ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए क्षमा मांगी है. भारतीय परंपरा में क्षमादान सबसे बड़ा दान होता है. इस हिसाब से हमारे सब साथी साथ रहेंगे. इसे भी पढ़ें : सोमवार शाम तक जारी हो सकती है कांग्रेस की दूसरी लिस्ट, पीसीसी चीफ दीपक बैज ने संभावना जताई।

डॉ. चरण दास महंत ने मीडिया से चर्चा में कहा कि पूर्व विधायक विनय जायसवाल भी कल शाम को ही जुड़े हैं. यह हमारे लिए खुशी की बात है. छुटपुट विवाद कहीं हुआ होगा, अभी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस एक साथ हैं. हम मजबूती के साथ लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे. साथ ही कई नेताओं ने अपनी गलती स्वीकार की है, और वह सभी क्षमा मांगे हैं. कहां जाता है क्षमादान बड़ा दान होता है. हम सब अभी साथ हैं.

नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने वहीं मुंबई दौरे के लेकर कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन है, शामिल होने जा रहे हैं. यात्रा के जरिए राहुल गांधी ने महिलाओं, किसानों और युवाओं की आवाज को समझा है. आज राहुल गांधी का विशेष वक्तव्य होगा. भारत जोड़ने और न्याय दिलाने का काम आगे चलता रहेगा।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26